

साय सरकार बदल रही आदिवासी अंचल की तस्वीर
महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री डिप्टी सीएम, कैबिनेट मंत्री, सांसद व विधायक



## सरगुजा की ऊंची उड़ान, पीएम ने बनारस से दबाया बटन और दरिमा से उड़ा पहला विमान

**हरिभूमि न्यूज/अंबिकापुर।** आज का दिन इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि सरगुजा वासियों की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई। बनारस में आयोजित भव्य समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर के दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण रिमोट का बटन दबाकर किया। इस सुनहरे पल के साक्षी बने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय। शेष पेज 4 पर

### आठ दशक पुराना सपना पूरा : विष्णुदेव

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा वासियों को इस ऐतिहासिक और गौरवशाली पल की बधाई देते हुए कहा कि आज सरगुजा वासियों का आठ दशक पुराना सपना पूरा हो रहा है। वर्षों से हमारी इच्छा थी एयर कनेक्टिविटी मिले। पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की चिंता करते हुए कहा था कि देश का हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करे शेष पेज 4 पर

## आकाश से जमीन तक आवागमन की सुविधाओं का हो रहा विस्तार



**अंबिकापुर।** प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद सरगुजा संभाग ने भी विकास की रफ्तार पकड़ ली है। आकाश से लेकर जमीन तक आवागमन की सुविधाओं का विस्तार करने की दिशा में अनेकों काम किए जा रहे है। प्रदेश सरकार की बदौलत ही सरगुजा के मां महामाया एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू हो गई है जबकि जशपुर जिले की सड़कें भारत माला प्रोजेक्ट में शामिल हो गई है। भारत माला की सड़क बनने शेष पेज 4 पर

---

सूर्यकांत, टुटेजा, अनवर ढेबर विश्नोई,को वीआईपी ट्रीटमेंट

## जेल में बंद ईडी के आरोपियों का वीआईपी ट्रीटमेंट खत्म, सामान्य सेल में हुए शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जेल डीजी हिमांशु गुप्ता की सख्ती



खास खबर

सेंट्रल जेल रायपुर में ईडी के मामलों से संबंधित आरोपियों को मिल रही वीआईपी सुविधा बंद कर दी गई है। बताया गया है कि ईडी के ये आरोपी सूर्यकांत तिवारी, अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और समीर बिश्नोई सहित महिला आरोपी भी जेल जाने के बाद से वहां की वीआईपी बैरक में रखे गए थे, जहां इन्हें वीआईपी सुविधा मिल रही थी। अब ये सुविधा समाप्त करते हुए इन चारों को सामान्य बैरक में भेज दिया गया है। इस संबंध में जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य का कहना है कि जेल में रोटेशन होता रहता है, लेकिन यह सुरक्षागत विषय है। इस बारे में ज्यादा बात करने से उन्होंने इनकार कर दिया।

### घर का खाना, च्यवनप्राश ड्राई फ्रूट आते थे

जेल के इन वीआईपी बंदियों को अब वीआईपी बैरक से हटाने के बाद इन्हें अब तक मिल रही खास सुविधाएं भी बंद हो जाएंगे। इन कैदियों को विशेष सुविधा जैसे कि घर से खाना आना, राशन आना, ड्राई फ्रूट आना, च्यवनप्राश आना, सब बंद कर दिया गया हैं। अब आरोपियों को सामान्य कैदियों की तरह खाना मिलेगा। सामान्य कैदियों की तरह ही रहना होगा। साथ ही मोबाइल फोन उपलब्ध कराने या बात करते पाए जाने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### जेल डीजी की सख्ती

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते दिनों कानून व्यवस्था पर बैठक ली थी। उन्होंने सबके साथ सामान्य व्यवहार करने और बाहर और जेल के अंदर वीआईपी ट्रीटमेंट को खत्म करने के निर्देश दिए थे। जेल डीजी हिमांशु गुप्ता ने उसके बाद सख्ती की है। उसका असर है कि ईडी के आरोपियों को मिल रही सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। साथ ही कैदियों को प्रेरक और रचनात्मक कार्यों हेतु रुझान करने के लिए रायपुर जेल रेडियो स्टेशन की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही ये निर्देश भी दिए गए हैं कि किसी भी बंदी को मोबाइल फोन न उपलब्ध कराया जाए। ऐसा करने पर जेल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

**एनआरआई कोटा का खेल:** दूर के रिश्तेदारों के भरोसे ज्यादातर ने लिया है प्रवेश

## संडे को भी किसी ने नहीं दिखाए 'सबूत' आज आखिरी दिन, फिर एडमिशन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*दूर के रिश्तेदारों को गार्जियन बनाकर एनआरआई कोटे से प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लेने वाले छात्रों में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार को भी स्क्रूटनी कमेटी खाली बैठी रही। सोमवार को इन छात्रों के पास दस्तावेज प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर है, नहीं तो उनका एडमिशन निरस्त हो जाएगा।*

### विभागीय सख्ती से मचा हड़कंप, बचाव के लिए दूसरा रास्ता खोज रहे

हरिभूमि लगातार

चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पुराने नियम के अनुसार ज्यादातर लोगों ने एनआरआई कोटे का लाभ दूर के रिश्तेदारों के सहारे लिया है, इसलिए ही वे स्क्रूटनी कमेटी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार उनके दस्तावेज मान्य नहीं हैं।

विभागीय सख्ती और तीन दिन में साक्ष्य नहीं देने पर प्रवेश निरस्त करने के आदेश के बाद दूसरे राउंड शेष पेज 4 पर

### ऐसा है गणित

प्रदेश में एनआरआई कोटे की 103 सीटें हैं। पहले राउंड में 48 और दूसरे में 45 स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया गया है। दस सीटें मॉकअप राउंड के लिए बाकी हैं। पहले राउंड की सीटें क्लियर हो चुकी हैं। दूसरे राउंड की 45 सीटों को ही कोर्ट के आदेश के आधार पर जांच के दायरे में लिया गया है। इनके ही दस्तावेजों की दोबारा जांच की जा रही है।



एनआरआई कोटे से एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले पहले दिन झांके तक नहीं, दो दिन बाद प्रवेश रद्द

### शासन के आदेश का पालन होगा

*एनआरआई कोटे के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर शासन द्वारा जारी आदेश का पालन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के 24 सितंबर के आदेश के अनुरूप संवीक्षा में जो पात्र पाए जाते हैं उनका प्रवेश मान्य होगा, शेष को निरस्त किया जाएगा।*

***किरण कौशल**, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग*

### भाई विदेश में...

सूत्रों के अनुसार, जेएन मेडिकल कॉलेज में मौजूद कमेटी के समक्ष रविवार को दो छात्र उपस्थित हुए। एक छात्र ने बताया कि उसका भाई विदेश में रहता है, मगर इस संबंध में उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। दूसरे छात्र के पास भी विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं थे। कमेटी द्वारा डिमांड किए जाने पर वह दस्तावेज लाने की बात कहकर वापस चला गया।

---

गृहग्राम कोड़िया में मातम

## लेह में ऑक्सीजन की कमी से गई छग के जवान की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई


ऑक्सीजन की कमी होने के कारण आर्मी जवान की लेह में मौत होने की खबर है। जानकारी मिलने पर उसके गृहग्राम कोड़िया में शोक की लहर है। मिली जानकारी के मुताबिक कोड़िया, दुर्ग निवासी उमेश साहू आर्मी का जवान था। वह लेह लदाख में पदस्थ था। जहां ऑन ड्यूटी उमेश की मौत हुई। सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उमेश की मौत की खबर लगते ही गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। आर्मी में हवलदार रैंक में पदस्थ जवान बीते 10 वर्षों से भारतीय सेना का हिस्सा बनकर देश की सुरक्षा में तैनात था। घर में उनके बुजुर्ग बीमार पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। जवान की मौत होने से मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया है।



*परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, दस साल से आर्मी में पदस्थ था*

### प्रतिभाशाली उमेश

जवान उमेश शुरु से ही प्रतिभाशाली छात्र था। हमेशा देश भक्ति के लिए प्राण न्योछावर करने की बातें दोस्तों के साथ करता रहा था। उमेश की नौकरी आर्मी में लगने से काफी खुश था। उमेश जब भी अवकाश के दिनों में गांव आया करता था। गांव के हर एक लोगों से मिलता था और हाल-चाल पूछा करता था।


AUTHORIZED NISSAN DEALERS: CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR : SHIVA NISSAN- 9167196314, MADHYA PRADESH: BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124.

†Terms & conditions apply. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours are indicative only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. **The scheme is applicable on vehicles invoiced on or before 31st Oct 2024. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance is at the sole discretion of finance partners and NRFSI. *Segment/Class refers to 3-SUV models with Length <4m. ^Leather mentioned in the features refers to Synthetic leather/Leatherette. ‡Standard Warranty 3 years or 100k kms whichever comes first. PlasmaCluster® is a registered trademark of the Sharp Corporation.

TBWA\33820924

NISSAN FINANCE

## महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर एमवीए में रार

**20 नवंबर को होगा मतदान नतीजे आएंगे 23 नवंबर को**

# 12 सीटों पर अड़ी कांग्रेस और उद्धव सेना, पवार सुलह कराने में जुटे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगियों के बीच टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। साउथ मुंबई के ट्राइडेंट होटल में कल की नौ घंटे लंबी मैराथन बैठक के बाद, एमवीए नेता अभी तक विदर्भ में महत्वपूर्ण सीटों को लेकर आम सहमति पर नहीं पहुंच पाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और शिवेसना यूबीटी के नेता अब एमवीए में मतभेदों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के पास पहुंच गए हैं। इस बीच, शिवसेना यूबीटी नेता अनिल परब और आदित्य ठाकरे ने मुंबई के वाईबी चव्हाण केंद्र में शरद पवार से मुलाकात की। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी शरद पवार से लगातार संपर्क में हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान उद्धव ठाकरे गुट वाली शिवसेना ने अपनी रामटेक और अमरावती सीटें कांग्रेस को दे दी थीं। इसलिए उद्धव सेना विधानसभा चुनाव में अधिक सीटें चाहती है और विदर्भ में कुल 12 सीटों पर दावा किया है। शिवसेना यूबीटी का तर्क है कि इन 12 सीटों में ऐसी सीटें शामिल हैं जहां एमवीए के कोई मौजूदा विधायक नहीं हैं।



### कांग्रेस का भी इन्हीं 12 सीटों पर दावा

कांग्रेस पार्टी इन बारह सीटों पर दावा तो कर ही रही है, साथ ही नासिक पश्चिम सीट पर भी चुनाव लड़ने पर जोर दे रही है, जहां शिवसेना ठाकरे गुट ने सुधाकर बडगुजर की उम्मीदवारी लगभग तय कर ली है। ट्राइडेंट होटल की बैठक में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने नासिक पश्चिम सीट पर दावा ठोका तो शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत उठकर बाहर चले गए. शिवसेना ठाकरे समूह ने अपने विधायकों की तत्काल बैठक बुलाई है। ऐसा लग रहा है कि अगर शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस के बीच खींचतान बढ़ती रही तो एमवीए में सीट बंटवारे पर सौहार्दपूर्ण तरीके से हल नहीं निकल पाएगा।

**एमवीए में विवाद का कारण बनी हैं ये 12 सीटें**

अरमोरी, गढ़चिरौली, गोंदिया, भंडारा, चिमूर, बल्लारपुर, चंद्रपुर, रामटेक, कामठी, दक्षिण नागपुर, अहेरी, भद्रावती वरोरा।

### नागपुर साउथ वेस्ट से फडणवीस कामठी से बावनकुले को टिकट



**महाराष्ट्र चुनाव के लिए बीजेपी की पहली लिस्ट जारी**

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 99 कैंडिडेट्स के नाम का ऐलान किया गया है। बीजेपी ने देवेंद्र फडणवीस को नागपुर साउथ वेस्ट से चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से टिकट दिया है। वहीं, कणकवली सीट से नीतीश नारायण राणे को और घाटकोपर वेस्ट से राम कदम को कैंडिडेट बनाया है। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर एक फेज यानी 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ रहा है, इसमें बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) शामिल हैं। सीट शेयरिंग को लेकर पिछले दिनों हुईं लंबी बैठकों के बाद आज बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी की।

---

*नेतन्याहू पर हमले के बाद कहर बरपा रही इजरायली सेना*

# गाजा में भीषण हवाई हमला 73 फिलिस्तीनियों की मौत

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

गाजा पट्टी के बेत लाहिया इलाके में इजरायल ने बड़ा हमला किया है। इस हमले में कम से कम 73 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। मरने वालों में ज्यादतर महिलाएं और बच्चे हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक ये हमला शनिवार देर रात बम विस्फोट के जरिए किया गया. इस हमले के बाद कई लोगों के मलबे में दबे होने की बात कही जा रही है। हमास का कहना है कि इजरायल ने अपने इस ताज़ा हमले में भीड़भाड़ वाली जगह को निशाना बनाया है। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वफा के अनुसार इजरायली हमलों में एक पूरा आवासीय परिसर ही नष्ट हो गया है। वहीं इस हमले को लेकर इजरायल का कहना है कि वह इससे जुड़ी



रिपोर्ट की जांच कर रहा है सैकड़ों टन बारूद झेल चुके गाजा में जमीन से लेकर आसमान तक सिर्फ और सिर्फ तबाही की तस्वीरें नजर आती हैं। जंग की त्रासदी झेल रहे लोगों की जिंदगी बमबारी के बीच गुजर रही है। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भाग रहे हैं।

**19 अक्टूबर तक मारे गए 42 हजार से ज्यादा**

फिलिस्तीन के स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है 19 अक्टूबर तक कुल 42 हजार 519 लोग मारे जा चुके हैं। इन हमलों में पिछले 24 घंटे के अंदर 92 लोगों की मौत हुई है और 9 जख्मी हुए हैं। इजरायल ने गाजा के पश्चिमी इलाके में शनिवार को स्कूल के पास अल शाती रिफ्यूजी कैम्प पर हमला किया था, जिसमें 7 लोगों की मौत हुई. उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया में हुए हमलों में 5 लोगों की जान गई. इजरायल ज्यादातर हवाई हमले कर रहा है। इजरायल ने कहा है कि गाजा पट्टी पर चल रही लड़ाई में 20 साल के स्टाफ सार्जेंट ऑफिर बरकोविच और 19 साल के सार्जेंट एलिशाई यंग शहीद हो गए हैं। दोनों जवान 52वीं बटालियन के 401वीं ब्रिगेड में तैनात थे. इन दोनों की मौत के साथ सिर्फ गाजा पट्टी में अब तक इजरायल के 357 जवान शहीद हो चुके हैं।

---

## एयरपोर्ट में अलर्ट, विमानों की आपात लैंडिंग एक्शन में सरकार

# फिर 24 उड़ानों को मिली बम की धमकी डीजीसीए चीफ हटाए गए, रिपोर्ट तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई/नई दिल्ली



विमानन कंपनियों इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा एयर की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित विभिन्न उड़ानों में बम होने की धमकी मिली। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों को धमकियां मिलीं। इस सप्ताह अब तक 90 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं, जो सभी झूठी साबित हुई हैं। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक अलग बयान में कहा कि एयरलाइन ने उड़ान संख्या 6ई 58 (जेद्दा से मुंबई), 6ई87 (कोझिकोड से दम्मान), 6ई11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई133 (पुणे से जोधपुर) और 6ई112 (गोवा से अहमदाबाद) में उत्पन्न स्थिति पर ध्यान दिया। विस्तारा ने कहा कि उसे छह उड़ानों यूके25 (दिल्ली से फ्रैंकफर्ट), यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके146 (बाली से दिल्ली), यूके116 (सिंगापुर से दिल्ली), यूके110 (सिंगापुर से पुणे) और यूके107 (मुंबई से सिंगापुर) को लेकर धमकी मिली है। विस्तारा के प्रवक्ता ने बताया, प्रोटोकॉल के अनुरूप, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित कर दिया गया तथा उनके निर्देशानुसार सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक अकासा एयर की छह उड़ानों क्यूपी 1102 (अहमदाबाद से मुंबई), क्यूपी 1378 (दिल्ली से गोवा), क्यूपी 1385 (मुंबई से बागडोगरा), क्यूपी 1406 (दिल्ली से हैदराबाद), क्यूपी 1519 (कोच्चि से मुंबई) और क्यूपी 1526 (लखनऊ से मुंबई) के लिए सुरक्षा चेतावनी प्राप्त हुई। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया, निर्धारित प्रक्रियाओं और छह विमानों के गहन जांच के बाद, उन्हें परिचालन की मंजूरी दे दी गई।

**गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट**

गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सीआईएसएफ, एनआईए और आईबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है। केंद्र ने शनिवार को डीजीसीए चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## फेमस कोरियोग्राफर रेमो ने की डांस ग्रुप से ठगी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने कोरियोग्राफर और डायरेक्टर रेमो डिसूजा, उनकी पत्नी लिजेल डिसूजाऔर पांच अन्य लोगों के खिलाफ एक डांस ग्रुप के साथ चीटिंग करने का मामला दर्ज किया गया है। मुंबई की ठाणे पुलिस ने बताया कि शनिवार को ये शिकायत दर्ज करवाई गई थी। रेमो और उनकी पत्नी समेत अन्य सभी लोऑगन पर 11.96 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि एक 26 साल के डांसर ने रेमो डिसूजा, उनकी पत्नी लिजेल और पांच अन्य लोगों पर ये आरोप लगाया है। पीड़ति डांसर ने 16 अक्टूबर को मुंबई के मीरा रोड पुलिस स्टेशन में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने रेमो डिसूजा और अन्य 6 लोगों के खिलाफ धारा 465 (जालसाजी), 420 (धोखाधड़ी) और भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं तले इस मामले को दर्ज कर लिया है।



## सफेद पाउडर मिलने से सनसनी

# दिल्ली दहलाने की साजिश स्कूल के पास ब्लास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली से पहले दिल्ली दहलाने की बड़ी साजिश नाकाम हो गई। दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह करीब 7.50 बजे जोरदार धमाका हुआ। घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे फोरेंसिक एक्सपर्ट्स ने सफेद पाउडर बरामद किया है, जिसे जांच के लिए लैब में भेजा गया है। स्कूल की दीवार के पास एक गड्ढा खोदकर मिट्टी के नमूने भी लिए गए हैं। इस धमाके की जांच के लिए दिल्ली पुलिस बम निरोधक दस्ते और फोरेंसिक टीम सहित तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही गृह मंत्रालय को सौंपी जाएगी। अभी तक हुई जांच में सामने आया है कि इस ब्लास्ट के लिए काफी ज्यादा मात्रा में विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। इस धमाके की आवाज दो किलोमीटर तक सुनाई दी थी।

■ एनआईए और एनएसजी की टीम पहुंचीं





हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

⏭ **सुनील सोनी इतने सारे पदों पर रहे, नेता के रूप में क्यों नहीं जाने जाते।**

⏭ लो प्राफाइल में रहकर काम किया, पार्टी ने मुझे कभी खाली नहीं रखा। सरकारी पद है तो उस पर काम किया। एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में काम करता रहा। मेरे पिताजी ने अक्सर कहा कि एक अच्छे कार्यकर्ता बनकर काम करना चाहिए। जब मैं दुर्गा कॉलेज का अध्यक्ष था, तब अटल जी आए थे। उन्होंने कहा था कि आप पार्टी के अच्छे कार्यकर्ता बन गए तो वही काफी है। मैं वैसे पार्टी का एक अच्छा कार्यकर्ता हूं।

⏭ **बृजमोहन जी का चुनाव काफी महंगा होता है। दूसरे पार्टी के लोग कितना सहयोग करेंगे।**

⏭ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनाव में लड़ेंगे और इसे जीतेंगे भी। बहुत कम दिन चुनाव के लिए बचे हैं। लोग जानते हैं कि मैं क्या हूं और कितना सक्षम हूं। मुझ पर सबका भरोसा है, लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा। मेरे संबंध विपक्षी पार्टी के लोगों से भी हैं, लेकिन चुनाव हम अपने दम पर लड़ते हैं।

⏭ **सरकार के 10 महीने कितना भारी पड़ेगा आप पर।**

⏭ कांग्रेस जितने आरोप सरकार पर लगा रहे हैं, वो एक तरफ है। शहर अपराधियों का गढ़ हो गया है यह कांग्रेस सैकड़ों बार कहा है। कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल को ⏭ शेष पेज 4 पर

# लोग जानते हैं कि मैं क्या हूं और कितना सक्षम हूं, मुझ पर सबका भरोसा है : सोनी

खास खबर

**चुनावी संवाद में सुनील सोनी से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी ने कहा कि क्षेत्र के जनता के लिए काम करूंगा। उनकी समस्याओं को पूरी ईमानदारी से समाधान करने का प्रयास करूंगा। जनता को कभी निराश नहीं करूंगा। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता रहा। आगे भी एक अच्छा कार्यकर्ता बने रहने का प्रयास करूंगा। महापौर, सहित कई पदों पर काम किया, रायपुर शहर में जो काम किया उसका लाभ हमें मिलेगा। लोग जानते हैं कि मैं क्या हूं और कितना सक्षम हूं। मुझ पर सबका भरोसा है। चुनावी संवाद में आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनसे चर्चा की।

⏭ **चुनाव में टिकट मिलने से कितने चौंके थे आप। कई दावेदार थे आपको कितना बड़ा झटका लगा।**

⏭ पहले मुझे पार्षद चुनाव लड़ाया गया। उसके बाद महापौर चुनाव लड़ाया गया। मुझे सबसे बड़ा आश्चर्य तब लगा जब मुझे सांसद का टिकट दिया गया। उस समय न




मैंने टिकट मांगा और न ही कोई कोशिश की थी। वैसे बहुत से दावेदार दक्षिण विधानसभा थे। स्वाभाविक है यह सीट लंबे सामय बाद खाली हुई है। यकिन मानिए विधायक चुने जाने पर अच्छा काम करेंगे। बृजमोहन ने जो काम आगे बढ़ाया था उसे पूरा करेंगे। आपने मुझे महापौर और सांसद के रूप में कार्य करते देखा है।

## गांदरबल जिले के सोनमर्ग क्षेत्र में बड़ी वारदात, सुरक्षा बलों ने घेरा इलाका

# कश्मीर में आतंकी हमला, डॉक्टर और 6 श्रमिकों को गोलियों से किया छलनी

*कश्मीर के गांदरबल में सोनमर्ग के पास गगनगीर इलाके में जेड मोड़ सुरंग निर्माण कर रही कंपनी में कार्यरत प्रवासी मजदूरों पर रविवार की रात आतंकियों ने हमला कर दिया। आतंकियों ने एक डॉक्टर और छह श्रमिकों को गोलियों से छलनी कर दिया। हमले को अंजाम देकर आतंकी वहां से भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर के जवान पहुंचे। उन्होंने घेराबंदी करके आतंकियों को खोजने का काम शुरू कर दिया।*

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

मध्य कश्मीर के गांदरबल में गगनगीर गुंड इलाके में आतंकियों ने सुरंग बना रही कंपनी एप्को के कर्मियों के कैंप पर पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग की। हमला होते ही कर्मचारियों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। चीख पुकार मच गई। हमले में एक डॉक्टर और 6 श्रमिकों की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है ताकि हमले में शामिल आतंकियों को मार गिराया जा सके। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने प्रवासी मजदूरों से घटना के बारे में जानकारी हासिल की है। घटना के बाद पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रवासी मजदूरों के कैंप पर भी अतिरिक्त फोर्स की तैनाती कर दी गई है। वाहनों की तलाशी भी ली जा रही है।

- मृतकों में छह गैर स्थानीय
- पूरे इलाके में फोर्स की तैनाती

घटनास्थल पर सुरक्षा बलों की टीम मौजूद रही और इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। डीजीपी समेत टॉप अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिन श्रमिकों पर हमला किया गया है, वे जेड मोड़ सुरंग पर काम कर रहे निर्माण टीम का हिस्सा थे।





### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मरने वालों के परिवार के प्रति संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा, इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें हमारे सुरक्षा बलों की तरफ से कठोर जवाब का सामना करना पड़ेगा। इस अत्यंत दुःख की घड़ी में, मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### पुलिस, सेना को पूरी आजादी

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने भी एक एक्स पोस्ट में कहा, मैं गगनगीर में नागरिकों पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हमने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सुरक्षा बलों को पूरी आजादी दी है।

### दो दिन पहले बिहार के मजदूर की हत्या

यह घटना दो दिन बाद हुई जब जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक बिहार के रहने वाले प्रवासी मजदूर की कथित तौर पर आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार सुबह सड़क किनारे शव को देखा था और फिर मजदूर की पहचान हो पाई थी। उसे तुरंत पास के जिला अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी थी।

### ग्रेनेड फेंकने वाले दो आतंकी पुंछ से गिरफ्तार

इधर, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने बताया कि ग्रेनेड फेंकने और देश विरोधी पोस्टर लगाने जैसी गतिविधियां की थीं और गुरुद्वारों, मंदिरों, अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे।

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने की निंदा

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, सोनमर्ग क्षेत्र के गगनीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमले की बहुत दुखद खबर है। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# मार्निंग वाक पर निकले दो छात्रों को हाईवा ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रविवार की तड़के दिल दहलाने वाले एक हादसे में 12 साल के दो छात्रों की मौत हो गई। हादसे में 17 वर्षीय एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। मृत छात्रों के शव को सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। उच्चाधिकारियों की घंटों समझाइश के बाद शाम 5 बजे छात्रों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। केरेगांव थानांतर्गत ग्राम सलोनी में मॉर्निंग वाक ⏭ शेष पेज 4 पर

- बाराद्वार थाना क्षेत्र के मुक्ताराजा नेशनल हाइवे की घटन



### 50-50 लाख मुआवजा पर अड़े

इधर, ग्रामीणों ने बीच सड़क पर चक्काजाम कर दिया। मौके की नजाकत को देखते हुए अपर कलेक्टर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव, डीएसपी घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीण मृतकों के परिवार को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने के लिए अड़े रहे। शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों के काफी मान-मनौव्वल के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। शाम 5 बजे दोनों छात्रों का अंतिम संस्कार किया गया।

### 3 महिलाएं ट्रेलर की चपेट में आईं, मौत

**बाराद्वार।** मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। मुक्ताराजा निवासी बिंदिया बरेठ पिता श्याम प्रसाद बरेठ उम्र 21 वर्ष, उसकी भाभी आकांक्षा बरेठ पति युवराज बरेठ उम्र 22 वर्ष तथा उनकी पड़ोसी सीमा भैना पिता कैलाश भैना उम्र 21 वर्ष रविवार 20 अक्टूबर की सुबह पांच बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे।

# जमीन के नाम पर ठगी डॉ. खंडूजा गिरफ्तार

- भिलाई पुलिस मरीज बनकर पहुंची लैब
- 19 करोड़ रुपए पीड़ित से लिया था बयाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जमीन का बयाना लेने के बाद दूसरे को जमीन बेचकर ठगी के आरोप में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन खंडूजा को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 406, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी ⏭ शेष पेज 4 पर

### न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया

डॉ. मनमोहन खंडूजा ने सोनल रुंगटा से बयाना राशि के रूप में 19 करोड़ 14 लाख रुपए लिए, लेकिन डॉ. खंडूजा रुपए लेने के बाद भी अपनी जुनवानी वाली जमीन को किसी विपिन कुमार अग्रवाल को बेच दी। सोनल रुंगटा ने इस मामले में थाने में शिकायत की। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बस-टेंपो की टक्कर, 12 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के धौलपुर जिले के बाडी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बस और टेंपो के बीच हुई टक्कर में आठ बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान इरफान, जूली, आसमा, सलमान, परवीन, जरीना, शाकिर, सनीफ, अजान, आशियाना, सूफी और दानिश के रूप में हुई है।

## 27वें अखिल भारतीय वन खेलकूद महाकुंभ का समापन

# फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में छग के सबसे ज्यादा 130 पदक 97 गोल्ड और 33 सिल्वर के साथ ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा है। सर्वाधिक पदक छत्तीसगढ़ ने अपने नाम किए हैं। बता दें कि प्रतियोगिता में 29 राज्य, ⏭ शेष पेज 4 पर

**पदक तालिका में दूसरे स्थान पर केरल और तीसरे पर रही मध्यप्रदेश की टीम**





### हिम्मत न हारें, आगे बढ़ते रहें

समापन के दौरान मनु भाकर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने प्रतियोगिता में हारने वाले खिलाड़ियों के लिए कहा कि जीवन में हारने के बाद जीतने का भी अलग मजा होता है। इसका स्वाद चखना भी जरूरी है। खेल में आज हार मिली है तो कल आप पूरी ताकत के साथ जीत भी हासिल कर सकते हैं। परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी हिम्मत न हारें, ⏭ शेष पेज 4 पर



## चिंतन

# रेलवे के बाद विमानन में दहशत की कोशिश

इस समय भारतीय विमानन क्षेत्र को फियर टेरर का सामना करना पड़ रहा है। विमानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी दी जा रही है। 14 अक्टूबर से अब तक 90 विमानों को फेक धमकी दी जा चुकी है। हर फेक धमकी से एयरलाइंस को तीन करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। भारतीय विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है, हजारों यात्री विमान परिचालन में हैं। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। चूंकि यह धमकी रोज दी जा रही है, इसमें विमानों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए यह किसी सिरफिरे का काम नहीं हो सकता है। यह एक पैटर्न है, जिस पर सुनियोजित तरीके से काम हो रहा है। ऐसे ही कुछ दिन पहले रोज किसी न किसी ट्रेन रूट को बाधित किया जा रहा था। कई बार ऐसा हुआ कि ट्रेन हादसा होते-होते बचा। भारतीय रेल विशाल नेटवर्क है और रोजाना दो करोड़ से अधिक लोग ट्रेन में सफर करते हैं, इसलिए रेलयात्री के मन में असुरक्षा का डर पैदा कर रेलवे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है। पहले रेल यात्रियों में डर, अब विमान यात्रियों में डर। यह डर आतंकवाद है, जिसका मकसद भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है। रेल और विमानन क्षेत्र को असुरक्षित कर देने से इन पर गहरा आर्थिक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और खुफिया एजेंसियों को इस फियर टेरर को गंभीरता से लेना चाहिए। यह आतंक का नया मॉड्यूल हो सकता है। विमानों को बम से उड़ाने की धमकी पर गृह मंत्रालय ने जरूर रिपोर्ट मांगी है, सरकार सख्ती की तैयारी कर रही है, लेकिन वास्तविकता है कि विमानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी केंद्र सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। फौरी एक्शन से कुछ खास नहीं प्राप्त होगा। सरकार को इसकी तह में जाना चाहिए। क्या यह देश के अंदर किसी प्रतिबंधित ग्रुप की सुनियोजित हरकत तो नहीं है? क्या इसमें दुश्मन पड़ोसी देशों की खुफिया एजेंसियों के हाथ तो नहीं हैं? देश के अंदर भी कई विध्वंसक, अलगाववादी, आतंकी, नक्सलवादी, उग्रवादी ताकतें हैं, जो दुश्मन मुल्कों की कठपुतलियां हैं और चंद टुकड़ों के लिए अपने मुल्क को अस्थिर करने में जुटे रहते हैं। सरकार को हर एंगल से जांच करनी चाहिए। भारतीय रेल और विमानन क्षेत्र दुश्मनों के निशाने पर हैं। विमान व रेल यात्रा का सुरक्षित होना जरूरी है। ये भारत की लाइफलाइन हैं। आज ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच राज्यों के सात एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया है। सरकार मेट्रो शहरों के साथ टियर दो और तीन श्रेणी के शहरों में भी विमान सेवा का विस्तार कर रही है। परिवहन के विभिन्न क्षेत्र को बढ़ावा देकर कनेक्टिविटी को तेज और मजबूत बनाया जा रहा है, इसके लिए सुरक्षा का माहौल बहुत जरूरी है। विमान में बम होने की झूठी धमकियों को हल्के में नहीं लिया जा सकता है, इसके पैटर्न को समझना चाहिए और इसके पीछे के टेरर मॉड्यूल का पता लगाना चाहिए। सरकार के पास सभी तरह के सुरक्षा व जांच तंत्र हैं। इजराइल के साथ बेहतर संबंध के चलते भी भारत इजराइल विरोधी आतंकी गुटों के निशाने पर रहता है। उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने जरूर भरोसा दिलाया है कि भारतीय आसमान पूरी तरह से सुरक्षित है, यात्रियों को बिना डरे यात्रा करनी चाहिए, लेकिन जिस मात्रा में धमकियां मिल रही हैं, आपात लैंडिंग हो रही हैं, उसमें यात्रियों व विमान कर्मियों में सुरक्षा का भाव पैदा होना कठिन है, क्योंकि फेक धमकी देने वाले पकड़े नहीं गए हैं, जिससे इसके पीछे का मकसद पता चले। रेल और विमान यात्रा को सुरक्षित बनाना सरकार की महती जिम्मेदारी है।

# भारत में नए रावण




विचार
उज्जवल दीपक

अमेरिका में एक युवती ने अपने माता पिता पर इसलिए केस ठोंक दिया क्यूंकि उसे इस धरती पर पैदा करने से पहले उससे पूछा तक नहीं गया। उसे यह बताया नहीं गया की जीवन जीने के लिए मेहनत करनी होगी, और घर चलाने के लिए पैसे कमाने होंगे। एक अभिभावक के रूप में डॉ. मोहन भागवत ने हमें फूट और असामंजस्य की पश्चिमी विचारधारा से बहकने के खतरों के प्रति सचेत किया है, जो हमारे समाज में 'वोकिज्म' और 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद' के रूप में अपनी जड़ें जमा चुकी है। अपने विजयादशमी भाषण में, सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने बताया कि 'डीप स्टेट', 'वोकिज्म', 'कल्चरल मार्क्सिस्ट' जैसे शब्द इन दिनों चर्चा में हैं। उन्होंने बताया की कि कैसे वे सभी सांस्कृतिक परंपराओं के दुश्मन हैं। उन्होंने हमें सचेत किया कि मूल्यों, परंपराओं और जो कुछ भी अच्छा और शुभ माना जाता है उसका पूर्ण विनाश इस समूह की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है।

सरसंघचालक जी ने उन विभिन्न कदमों की स्पष्ट रूप से सूची बनाई जिनके द्वारा सांस्कृतिक परंपराओं पर हमला किया जाता है। उन्होंने बताया कि पहला कदम समाज की मानसिकता को आकार देने वाली प्रणालियों और संस्थाओं को अपने प्रभाव में लाना है। शिक्षा प्रणाली और शैक्षणिक संस्थान, मीडिया, बौद्धिक प्रवचन आदि इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इनके माध्यम से समाज के विचारों, मूल्यों और विश्वास को नष्ट किया जाता है और एक साथ रहने वाले समाज में, एक पहचान-आधारित समूह को उसकी वास्तविक या कृत्रिम रूप से निर्मित विशेषता, मांग, आवश्यकता या समस्या के आधार पर अलग होने के लिए उकसाया या प्रेरित किया जाता है। उनमें पीड़ित होने की भावना पैदा हो जाती है.

अंतिम चरण में असंतोष को हवा देकर उस पहचान-आधारित तत्व को शेष समाज से अलग कर व्यवस्था के विरुद्ध आक्रामक बना दिया जाता है। समाज में दोष ढूंढ़कर सीधे-सीधे झगड़े पैदा किये जाते हैं। इसके अलावा, व्यवस्था, कानून, शासन, प्रशासन आदि के प्रति अविश्वास और घृणा को तीव्र करके अराजकता और भय का माहौल बनाया जाता है। इससे उस देश पर अपना प्रभुत्व स्थापित करना आसान हो जाता है। हमारे पास जो सीमित स्थान है, उसमें हम वोकिज़्म पर ध्यान केंद्रित करें।

**वोकिज़्म क्या है? :** अपने मूल अर्थ में 'वोकिज़्म' का सीधा सा अर्थ है अपने आस-पास की परेशानियों और समस्याओं के प्रति जागना। जाहिर तौर पर यह व्यापक अन्याय को दूर करने के एक नेक प्रयास में निहित था। उदाहरण के लिए, हम यह तर्क दे सकते हैं कि संविधान संस्थापक और संविधान निर्माता इस बात से अवगत थे कि हमारे समाज को तत्काल सामाजिक न्याय के स्तंभ की आवश्यकता है। अतः उन्होंने इसे संविधान में शामिल किया। हालांकि, वोकिज़्म तब स्वयं एक विकृति बन गया जब यह सांस्कृतिक मार्क्सवादियों द्वारा फूट डालने का एक उपकरण बन गया। केवल समानता और न्याय के आधार पर समाज और राष्ट्र-राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्हें भाईचारा चाहिए. उन्हें एकता की आवश्यकता है। वास्तव में, सामाजिक न्याय के सबसे बड़े समर्थक डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर ने कहा था, 'मैं चाहता हूं कि सभी लोग पहले भारतीय हों, अंतिम भारतीय हों, और कुछ नहीं बल्कि भारतीय हों।' डॉ. अंबेडकर उस समय एक प्रासंगिक मुद्दा बन गए जब उन्होंने समानता और न्याय के आदर्शों और प्रथाओं को भाईचारे और एकता के साथ समाहित कर दिया।




'वोकिज्म' के अनुयायी ऐसे सकारात्मक विचारों से सहमत नहीं हैं। वे भारत की सांस्कृतिक परंपराओं पर हमला करते हुए कहते हैं कि यह केवल अन्याय पैदा करती हैं और उसे बढ़ावा देती हैं। वे हमारी पारिवारिक व्यवस्था को 'पितृसत्तात्मक' कहकर उस पर हमला करते हैं और उसकी निंदा करते हैं, वे हमारे उत्सवों और रीति-रिवाजों की निंदा करते हैं, और वे हर भारतीय संस्कृति की आलोचना करने के लिए उसे 'रूढ़िवादी' कहते हैं। 'वोकिज़्म' को एकता में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसकी रुचि विखंडन में है. यह समाज और व्यक्तियों को उनकी पहचान के आधार पर छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर मेल-मिलाप और सद्भाव के किसी भी प्रयास को छिन्न-भिन्न कर देना चाहता है। वे 'मानवता', 'मानव जाति', 'पृथ्वी ग्रह', या 'हिंदू' जैसे एकीकृत आंकड़ों को स्वीकार नहीं करते हैं, बल्कि वे व्यक्तियों को उनके लिंग, पंथ, जाति, वर्ग, रंग आदि के आधार पर तोड़ देंगे।

**हमारी चिंताएँ और चुनौतियां :** चूंकि मार्क्स-मैकाले ने 1947 से ही हमारी शिक्षा और सांस्कृतिक संस्थाओं पर कब्ज़ा कर लिया था, इसलिए नुकसान हो चुका था। पाठ्यक्रम सुधार में वर्षों लग जायेंगे। आइए कुछ सबूतों की जांच करें। क्या हमने गौर किया है कि कैसे कुछ आख्यान या विमर्श, वर्ष के कुछ निश्चित समय में विशेष रूप से दिखाई और सुनाई देने लगते हैं, जैसे कि दिवाली के दौरान, जब पटाखों के उपयोग, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर बहस छिड़ जाती है। उदाहरण के लिए, कुछ उत्सवों के दौरान पेटा जैसे संगठनों की भागीदारी पर विचार करें। हालाँकि पशु कल्याण की वकालत के पीछे के इरादे नेक हैं, लेकिन यह दृष्टिकोण विभाजनकारी हो सकता है। इस तरह के अभियान एक द्विआधारी विमर्श पैदा करते हैं जहां किसी को या तो 'जागृत' होना चाहिए और पारंपरिक प्रथाओं के खिलाफ होना चाहिए, या फिर उन्हें प्रतिगामी और असंवेदनशील करार कर दिया जाना चाहिए। यह ध्रुवीकृत दृष्टिकोण बढ़ती 'माई वे या हाइवे' संस्कृति में योगदान देता है जो भारतीय समाज के ताने-बाने को कमजोर करने का खतरा है।

एक बार फिर से विचार कीजिए। महिषासुर शहादत दिवस मनाने का क्या औचित्य है? बहुजन समुदायों में कुछ लोग असुरों को कब मानने लगे? अब एक सनकी व्यक्ति यह तर्क देगा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में ये केवल कुछ प्रशिक्षित छात्र और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों के भेष में कुछ प्रचारक हैं। लेकिन क्या सच में ऐसा है? ऐसे तर्क देने वालों को स्थिति की गंभीरता को समझने की जरूरत है। उन्हें यह समझने की जरूरत है कि अगर कोई भी व्यक्ति इस बात को लेकर आश्वस्त हो जाता है कि वे असुर हैं, और मां दुर्गा एक 'ब्राह्मणवादी साजिशकर्ता' थीं, तो संदेश यहीं नहीं रुकेगा। जबकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है, लेकिन एक संतुलन बनाना भी आवश्यक है जो विभाजनकारी कथाओं को फैलाने के लिए मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के दुरुपयोग को रोकता है। उचित प्रतिबंध तुरंत दिमाग में आते हैं। ओटीटी प्लेटफार्मों पर हमारे द्वारा देखी जाने वाली कुछ सामग्री, स्टैंड-अप कॉमेडियन के चुटकुले और अन्य चीज़ों पर विचार करें। क्या हमने कभी ऐसा कुछ देखा है जिसे आम तौर पर एकता और सद्भाव के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है?

**आगे क्या ! :** हमें रूढ़िवादी होने की जरूरत है. रूढ़िवादी वो नहीं है जो केवल पीछे देखते हैं। वे ऐसे व्यक्ति हैं जो वर्तमान का सामना करते हैं, अतीत को देखते हैं, सीखते हैं, झिझकते हैं और फिर धीरे-धीरे खुद को बदलने के लिए आगे बढ़ते हैं। भारतीय माता-पिता अपने बच्चों के साथ एक आसान सा परीक्षण कर सकते हैं। उनसे पूछें कि कोई गरीब क्यों है? यदि उनकी सामाजिक समझ 'ब्राह्मण = अमीर, दुष्ट, उत्पीड़क' और 'हिंदू धर्म = लालच, धोखा, दमनकारी मिथक' जैसी लगती है, तो घंटी जोर से बज रही है। यह पाठ्यक्रम में सुधार का समय है।

एक अभिभावक के रूप में डॉ. मोहन भागवत ने हमें फूट और असामंजस्य की पश्चिमी संरचनाओं से बहकने के खतरों के प्रति सचेत किया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पश्चिम हमेशा मार्क्स-मैकाले की धमकियों के बावजूद हमारे बीच में रहता है, और वे हमेशा हिंदुओं और भारतीय लोगों को विभाजित करने की पूरी कोशिश करेंगे। जैसे-जैसे दिवाली नजदीक है, गौर करें कि कैसे कोई उचित संदर्भ के बिना जलवायु परिवर्तन और घटते AQI के बारे में बात करना शुरू कर देता है। डॉ. अम्बेडकर का मंत्र 'शिक्षित करो, आंदोलन करो और संगठित हो जाओ' भारत में नए रावणों का मुकाबला करने और उन्हें हराने में बहुत उपयोगी हो सकता है। वे सामाजिक न्याय के योद्धा होने का दिखावा करते हैं, लेकिन असलियत में फूट और असामंजस्य बढ़ाने वाली ताकतें हैं। कभी वे महिषासुर को शहीद के रूप में मनाएंगे, और कभी वे नारे लगाएंगे 'तुम जितने अफ़ज़ल (गुरु) मारोगे, हर घर से अफ़ज़ल निकलेगा!'

*-लेखक एमपीए कोलंबिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य

बाल मुकुन्द ओझा



# प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ा रहा मोटापा

आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। इसके फलस्वरूप देश और दुनियाभर में मोटापे की समस्या गंभीर रूप से उत्पन्न हो गई है। विशेषकर व्यस्क आबादी इसकी चपेट में आ गई है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को हानिकारक इसलिए माना जाता है क्योंकि इनमें स्वाद को बेहतर बनाने के लिए बहुत सारे कृत्रिम योजक या रसायन होते हैं। आप प्रत्येक पैकेज के पीछे लगे लेबल को पढ़कर किसी विशेष खाद्य उत्पाद को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की पहचान कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक ताज़ा रिपोर्ट में बताया गया है 1990 के बाद से दुनियाभर के व्यस्कों में मोटापा दो गुना से अधिक बढ़ गया है। इस अवधि में किशोर आबादी में मोटापा चार गुना बढ़ा है। आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अधिक उपयोग से 2022 तक करीब 43 प्रतिशत व्यस्कों का अधिक वज़न बढ़ा है वहीं 16 प्रतिशत मोटापे के शिकार हुए हैं। विश्व मोटापा एटलस 2024 के अनुमानों के मुताबिक 2035 तक लगभग 330 करोड़ व्यस्क मोटापे से ग्रस्त होंगे। साथ ही 5 से 19 साल की आयु सीमा के 77 करोड़ से अधिक किशोर और युवाओं को मोटापा घेर लेगा। भारत की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 2022 तक सवा सात प्रतिशत से अधिक व्यस्क मोटापे की चपेट में थे। नेशनल फैमिली हेल्थ और मेडिकल पत्रिका लेसेन्ट आदि के अनेक प्रमाणिक सर्वेक्षणों में भी कहा गया है कि हमारे देश में पेट के मोटापे की समस्या सर्वाधिक है। यह समस्या महिलाओं में 40 और पुरुषों में 12 प्रतिशत पाई गई है। स्वास्थ्य के प्रति इस गंभीर खतरे को हमने समय रहते सख्ती से नहीं रोका तो यह देश में नशे से भी अधिक भयावह स्थिति उत्पन्न कर देगा और इसके जिम्मेदार केवल हम ही होंगे। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में देश में दबे पांव प्रवेश करने वाले जंकफूड जिसे फास्ट फूड भी कहते है, ने हमारे सम्पूर्ण पाचनतंत्र पर कब्जा कर स्वास्थ्य के जीवन तंत्र को बिगाड़ कर रख दिया है। फास्ट फूड आज घर-घर में अल्पाहार के रूप में प्रयोग में लिए जा रहे हैं। जंकफूड में कार्बोहाइड्रेट, वसा और शर्करा होती है। इसमें अधिकतर तलकर बनाए जाने वाले व्यंजनों में पिज्जा, बर्गर, फ्रैंकी, चिप्स, चॉकलेट, पेटीज मुख्य रूप से शामिल हैं। एक आहार विशेषज्ञ अनुसार बर्गर में 150-200, पिज्जा में 300, शीतल पेय में 200 और पेस्ट्री, केक में करीब 120 किलो कैलोरी होती है जो आजकल लोगों पर मोटापे के रूप में हावी हो रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आलू के चिप्स हों या कोक का वह गिलास जिसका आप दिन या रात के किसी भी समय आनंद लेते हैं, आप नहीं जानते होंगे कि आप जो नाश्ता करना पसंद करते हैं वह वास्तव में प्रसंस्कृत भोजन है।

कोई भी खाद्य पदार्थ जिसमें किसी न किसी तरह से बदलाव किया जाता है, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की श्रेणी में आता है। आमतौर पर, ये ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें उनकी शेल्फ लाइफ या उनके स्वाद को बढ़ाने के लिए बदल दिया गया है, लेकिन प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से विभिन्न स्वास्थ्य जोखिम भी होते हैं। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आधुनिक जीवन शैली का एक अभिन्न अंग बन गए हैं। इनको न्यूनतम प्रसंस्कृत, भारी प्रसंस्कृत या अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में वर्गीकृत किया जा सकता है। जब किसी खाद्य उत्पाद के स्वाद, स्थिरता और बनावट को बढ़ाने के लिए कई सामग्रियों को जोड़ा जाता है, तो आप इसे भारी या अति-प्रसंस्कृत कह सकते हैं। एक सर्वे के अनुसार, 33.66 फीसदी भारतीयों ने स्वीकारा है कि वे हफ्ते में कम से कम दो बार जंकफूड या रेडीमेड फ़ूड खाते ही हैं। भारत में रेडीमेड फूड का उद्योग भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसकी वार्षिक प्रगति दर 40 फीसदी बताई जाती है। तीव्र गति से बढ़ते शहरीकरण, व्यस्त जीवन-शैली और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे बदलाव ने भारत में लोगों के जीवन-यापन के तरीके को बदल कर रख दिया है। इन बदलावों के फलस्वरूप लोगों ने घर पर खाना पकाने और खाने की आदत में भी बदलाव किया है। महानगरों में रहने वाले परिवारों की तैयार भोजन, फास्ट फूड और जंकफूड पर निर्भरता ज्यादा बढ़ गई है। अब तो इनकी पहुंच घर-घर में हो गई है। यह बच्चों के प्रिय नाश्ते में शुमार हो गया है। देखा तो यह गया है कि पूरा परिवार अल्पाहार में फास्ट फूड का उपयोग करने लगा है। आहार विशेषजों के अनुसार फास्ट फूड कभी-कभार तो ठीक है लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। स्वाद के पीछे के जहरीले रसायन को पहचान कर हमें अपने स्वास्थ्य की रक्षा करनी होगी, इसी में हम सबकी भलाई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
## दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

# एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
## प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आंखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए। *– रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# वैक्सीन संबंधी भ्रांतियां रंगमंच के जरिए की दूर



लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार अमित शर्मा ने वैक्सीन लेने में लोगों की हिचकिचाहट और इसे लेकर फैली भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये जीवंत करके लंदन के किल्न थिएटर के कलात्मक निदेशक के रूप में अपनी पारी का आगाज किया। नाटक 'पिन्स एंड नीडल्स' का प्रदर्शन हाल ही में पूरी दुनिया में किया गया है और इसका प्रदर्शन अगले सप्ताहांत तक होगा। रॉब ड्रमंड द्वारा लिखित इस नाटक के जरिये कोविड के टीके और दुनिया भर में बच्चों से जुड़े अन्य टीकों को लेकर हुई राजनीति और फैलाई गई भ्रांतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है। इसमें भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता गवी सिंह चेरा मुख्य किरदार रॉब की भूमिका में हैं। शर्मा का कहना है, 'इस नाटक से निश्चित रूप से (टीकों के पक्ष और विपक्ष में) बहस को बढ़ावा मिलेगा और इसके साथ से इससे एक दर्शक के लिए अपने से विपरीत विचारों वाले व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखने और उसे समझने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दर्शकों के लिए मेरा जुनून है कि वे खुद को और अपनी आवाज को प्रतिबिंबित होते देखें। यह उन लोगों को भी समझाने में मदद कर सकता है, जो समान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं, लेकिन हमारे अभिनय से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।'

## ऑफ बीट

# घर के कामकाज करने वाले रोबोट बनाने में लगेगा समय



हाल ही में टेस्ला की प्रदर्शनी में चलते-फिरते, बोलते-नाचते 'ऑप्टिमस' रोबोट ने काफी उत्साह पैदा किया था। भले ही यह अब भी भविष्य की एक आकर्षक झलक हो, लेकिन ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि रोबोट उम्मीद से बेहतर साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए, 'सोफिया' को ही लें, जिसे 2016 में टेक्सास स्थित हैनसन रोबोटिक्स ने बनाया था। इसी तरह हमने बोस्टन डायनेमिक्स के 'एटलस' जिमनास्टिक्स, ब्रिटेन निर्मित अमेका रोबोट 'वेकिंग अप' और हाल ही में टेस्ला के 'ऑप्टिमस' के सावधानीपूर्वक तैयार किये गए वीडियो देखे हैं। जाहिर है कि ये अभी अलग-अलग तरीकों से प्रभावशाली हैं, लेकिन वे पूर्ण 'पैकेज' के करीब नहीं पहुंचे हैं। ऑप्टिमस या एटलस को किसी गैर पूर्व निर्धारित स्थान पर छोड़ दें और आप बहुत कुछ अलग देखेंगे। हमारे घरों में काम करने में सक्षम एक मानव रोबोट को कई अलग-अलग कार्य करने, हमारे उपकरणों का उपयोग करने, हमारे वातावरण में गतिविधियां करने और मानव की तरह हमसे संवाद करने में सक्षम होना चाहिए। अगर आपको लगता है कि यह केवल एक या दो साल में सच हो सकता है, तो आपको निराशा हाथ लगने वाली है।

## ट्रेंड

### ठीकरा अधिकारियों के सिर



भाजपा की ये पुरानी आदत है कि पहले सफेदपोश बनकर चुपचाप भ्रष्टाचार करती है और जब पोल खुल जाती है तो उसका ठीकरा अधिकारियों के सिर पर फोड़ देती है। जनता पूछ रही है कि सरकार की लगाम क्या अधिकारियों के हाथ में है?

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### करुणा की परिभाषा



एक कॉलेज छात्र ने पूछा, "करुणा की पुरानी व नई परिभाषाओं में क्या अंतर है?" मेरा उत्तर था, "करुणा की पुरानी परिभाषा 'एक साथ पीड़ा सहना' और नई परिभाषा 'एक साथ मिलकर समाधान करना' है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

### बागडोर अपने हाथों में लें



आप जो भी भावना महसूस करते हैं, हर विचार जो आपके दिमाग में आता है, आप अपने आस-पास की दुनिया को कैसे देखते हैं, और कैसे प्रतिक्रिया करते हैं - यह सब आपके नियंत्रण में है। अपने जीवन की बागडोर मजबूती से अपने हाथों में लें।

-हर्ष गोयनका, कारोबारी

### विनम्रता सबसे खूबसूरत



विनम्रता रचनात्मकता की मूलभूत शक्ति है। अपने व्यक्तिगत अहंकार को निखारना सीखें और अपने रचनात्मक अहंकार को उभरते हुए देखें.. यह आपके पास मौजूद सबसे खूबसूरत चीज़ है..

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## टीवी मसाला

# जब केबीसी कंटेस्टेंट को कार गिफ्ट करना चाहते थे अमिताभ तो....

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के बारे में कई सेलेब्स ये बता चुके हैं कि वो बहुत ही उदार व्यक्ति हैं। जो भी अमिताभ बच्चन से मिलता है, उनकी तारीफ ही करता है। अब जर्नलिस्ट ऋचा अनिरुद्ध ने एक पॉडकास्ट में उस वक्त को याद किया जब वो अमिताभ बच्चन का इंटरव्यू लेने पहुंची थीं। साथ ही, उन्होंने केबीसी के सेट से जुड़े किस्से सुनाए। उन्होंने बताया कैसे अमिताभ बच्चन कंटेस्टेंट को शो में जीती हुई प्राइज मनी के अलावा अलग से भी पैसों की मदद करते हैं। वहीं, एक बार वो केबीसी कंटेस्टेंट को कार भी गिफ्ट करना चाहते थे। पॉडकास्ट में बात करते हुए ऋचा अनिरुद्ध ने बताया कि जब वो पहली बार अमिताभ बच्चन से मिली थीं तो वो बहुत नर्वस थीं। उन्होंने कहा कि जब उन्हें अमिताभ बच्चन का इंटरव्यू लेना था तो उससे एक रात पहले उन्हें नींद तक नहीं आ रही थी।



***शूट खत्म होने के बाद दर्शकों के साथ फोटो खिंचवाते हैं अमिताभ :*** ऋचा ने अमिताभ बच्चन की तारीफ करते हुए बताया कि अगर आप अमिताभ बच्चन की वैनिटी वैन में भी जाते हैं तो वो आपके लिए आते वक्त भी गेट खोलेंगे और कजाते वक्त भी गेट खोलेंगे। ऋचा ने कहा, "कुछ चीजें मुझे लगता है कि हर इंसान को अमिताभ बच्चन से सीखनी चाहिए। वो एक जेंटलमेन हैं।" उन्होंने आगे कहा, "केबीसी के शूट कई बार देर रात तक, बारह-एक बजे तक होते थे, मुझे लगता था कि बच्चन सर कितना थक गए होंगे, लेकिन उसके बाद वो एक-एक साइड जो दर्शकों के लिए होती है, सबके साथ फोटो खिंचवाते हैं। ये एक चीज देखी मैंने।"

### कंटेस्टेंट की अलग से मदद करते हैं अमिताभ

ऋचा ने इसके बाद बताया कि अमिताभ बच्चन कई बार कैमरा पर चैरिटी नहीं करते हैं, वो किसी को बताते नहीं हैं, लेकिन वो केबीसी कंटेस्टेंट की अलग से भी मदद करते हैं। ऋचा ने बताया पिछले साल वो केबीसी में आए एक कंटेस्टेंट से मिली थीं। इंदौर में वो कपल मूक-बधिर लोगों के लिए काम करता है। उस कपल ने बताया कि जब वो केबीसी करके आ गए तब उनके पास अमिताभ बच्चन के ऑफिस से कॉल पहुंचा। उन्हें कॉल में बताया गया कि अमिताभ बच्चन अलग से भी पैसों की मदद करना चाहते हैं।

### जब कार गिफ्ट करना चाहते थे अमिताभ बच्चन

ऋचा ने एक और किस्सा सुनाया उन्होंने कहा कि बहुत साल पहले की बात है। दिल्ली से एक लड़का हॉटसीट पर बैठा था। उनसे अमिताभ ने पूछा कि अगर आप इतनी धनराशि जीत जाएंगे तो क्या करेंगे? तब उस लड़के ने कहा था कि वो इन पैसों से अपनी बहन के लिए कार खरीदेगा क्योंकि एक बार उसकी बहन के साथ बस में छेड़खानी हुई थी, तब उसकी बहन ने कहा था कि काश भइया हमारे पास कार होती। ऋचा ने बताया कि जब ब्रेक हुआ तो अमिताभ बच्चन की टीम ने उन्हें बताया कि अमिताभ ने कहा है कि अगर वो लड़का जीत जाता है तो ठीक है। लेकिन अगर वो नहीं जीतता है तो हम उसको कार देंगे। ऋचा ने आगे बताया कि हालांकि, वो लड़का बड़ी राशि जीत गया, लेकिन अगर वो नहीं जीतता तो उसको कार मिलती। किसी को पता नहीं चलता कि वो कार अमिताभ बच्चन की तरफ से दी गई है।

## ऋषि और डिंपल की 'बॉबी' को भी रूसी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला था

# राजकपूर की 'आवारा' से लेकर शाहरुख की 'पठान' तक, रूस में हुईं लोकप्रिय

*__मुंबई।__ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में बॉलीवुड फिल्मों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रूस में भारतीय फिल्में काफी लोकप्रिय हैं और रूस के लोगों को हिंदी फिल्मों में खासी दिलचस्पी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा करेंगे। आइए इस कड़ी में आपको उन हिंदी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन पर रूसी दर्शकों ने जमकर प्यार लुटाया।*




**'आवारा':** राज कपूर साल 1951 में आई इस क्राइम ड्रामा फिल्म के निर्माता-निर्देशक थे। वह फिल्म में अभिनय करते भी दिखे थे। इसमें पृथ्वीराज कपूर, नरगिस और शशि कपूर भी थे। यह बॉलीवुड की पहली फिल्म थी, जो रूस में बड़ी हिट साबित हुई थी। रूस में इस फिल्म ने 10 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म के चलते आज भी रूसी दर्शक राज कपूर के दीवाने हैं। जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म मौजूद है।

**'ममता' और 'सीता और गीता':** यूट्यूब पर मौजूद दिग्गज अभिनेत्री सुचित्रा सेन की 1966 में आई फिल्म 'ममता' भी रूस में हिट हुई दूसरी ओर रूस में हिट हुई बड़ी हिंदी फिल्मों में 1972 में आई हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' भी शामिल है। इस फिल्म पर रूसी दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाया था। इसमें हेमा की जोड़ी धर्मेंद्र के साथ बनी थी। जियो सिनेमा, अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर यह फिल्म देखी जा सकती है।




**'बॉबी':** ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया की 1973 में आई फिल्म 'बॉबी' को भी रूसी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला था। इस फिल्म का निर्देशन भी राज कपूर ने ही किया था और इसके निर्माता भी राज ही थे। इस फिल्म के बाद सोवियत संघ में राज की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगी थी। उनकी बदौलत उनके बेटे ऋषि को भी रूस में स्टारडम मिला था। जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।



**'पठान':** शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' ने भी रूस में अपना जलवा बिखेरा था। फिल्म ने पहले ही दिन रूसी बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। दुनियाभर में 1,050 करोड़ रुपये कमा चुकी यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देखी जा सकती है।






**'बारूद' और 'डिस्को डांसर' :** साल 1976 में आई ऋषि कपूर की फिल्म 'बारूद' ने भी रूस में जमकर कमाई की थी। रीना रॉय भी इस फिल्म का हिस्सा थीं। यह फिल्म यूट्यूब पर है। उधर रूस में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में मिथुन चक्रवर्ती की 'डिस्को डांसर' भी शामिल है, जो 1982 में पर्दे पर आई थी। कमाई के मामले में इसने रूस में 'आवारा' को भी पीछे छोड़ दिया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर है।

# छत्तीसगढ़ की माटी से एक बड़ा संदेश देती फिल्म 'दस्तावेज'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण पृष्ठभूमि में बनी फ़िल्म 'दस्तावेज' का फ़िल्मांकन ज़िला-उत्तर बस्तर कांकेर के नरहरपुर विकासखंड में हुआ है। फ़िल्म की कहानी गांव में एक मूलभूत दस्तावेज़ 'राशन कार्ड' बनवाने की प्रक्रिया से शुरू होती है लेकिन आगे बढ़ते हुए राजस्व (ज़मीन) प्रकरणों में घालमेल, अधिकारियों और बाहुबलियों के गठजोड़, स्थानीय निर्वाचन में लोकतांत्रिक व्यवस्था आदि का बेहतरीन चित्र उकेरता है। फ़िल्म के सभी पात्र वास्तविक एवं व्यावहारिक हैं, जिससे ग्रामीण परिवेश को समझने वाले दर्शक आसानी से ख़ुद को जोड़ सकते हैं।


फ़िल्म का निर्देशन एवं सिनेमैटोग्राफ़ी बेहद प्रभावी है, जो दर्शकों को अंत तक बांधने में सफल होते हैं। कहानी में मुख्य और सहायक कलाकारों के अभिनय एवं संवाद ने कहानी को जीवंत कर दिया है। कई जगह तो दर्शक आंसू न रोक सकेंगे। फ़िल्म का संगीत एवं बैकग्राउंड म्यूजिक अनावश्यक रूप से ठूँसा हुआ न होकर कहानी को भरपूर समर्थन देता है तथा भावनात्मक पहलुओं को उजागर करने में भी सफल है। फ़िल्म के दृश्य, कैमरा एंगल, और लोकेशंस ने दृश्य को कहानी की माँग अनुसार सुंदर और आकर्षक बनाया है। शुरुआत में



कहानी की गति धीमी है लेकिन किरदारों की पृष्ठभूमि एवं ग्रामीण परिवेश को समग्रता में उकेरने के लिए फ़िल्म की ज़रूरत है। कुल मिलाकर जिस सामाजिक, प्रशासनिक ,राजनीतिक एवं सांस्कृतिक मुद्दे को विषय बनाकर फ़िल्मांकन किया गया है, उसमें निर्देशक अधिकांशतः सफल दिखाई देते हैं। यह दर्शकों के लिए मनोरंजक होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से प्रभावी है और विचार करने पर मजबूर कर देती है। छत्तीसगढ़ में आगामी स्थानीय निर्वाचन (पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव) को देखते हुए फ़िल्म के रिलीज़ का समय इस फ़िल्म को और भी प्रासंगिक बना देता है। इसके लिए निर्माता सौरभ बरडीया (एटी ज्वेलर्स), निर्देशक, कलाकार एवं पूरी टीम बधाई के पात्र हैं। फ़ल्मि हाउस फुल चल रही है। दर्शकों मे बहुत पसंद किया जा रहा है।

# रेखा, जया, परवीन ने नहीं इस एक्ट्रेस ने बिग बी के साथ दीं 11 हिट फिल्में

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के साथ किसी हीरोइन की जोड़ी का सवाल आता है तो सबसे पहले नाम रेखा का याद आता है। बिग बी के कुछ डाई हार्ड फैन्स को शायद परवीन बाबी का नाम भी याद आता होगा। कुछ लोगों को अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की रियल लाइफ जोड़ी ही रील लाइफ में भी ज्यादा पसंद आती होगी लेकिन आपको जानकर ताज्जुब होगा कि अमिताभ बच्चन के साथ सबसे ज्यादा हिट फिल्म देने वाली एक्ट्रेस में इन तीन में से किसी का भी नाम शामिल नहीं है। जिस एक्ट्रेस ने अमिताभ बच्चन के साथ एक या दो नहीं बल्कि पूरी 11 फिल्में हिट दी हैं, वो एक्ट्रेस कोई और ही है। जिसने बिग बी की ऑनस्क्रीन लव इंटरेस्ट के अलावा उनकी मां का भी किरदार अदा किया है।




***ये हैं वो एक्ट्रेस :*** हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वो हैं राखी। राखी भी फिल्म इंडस्ट्री की एक दमदार और हिट अदाकारा रही हैं। जिन्होंने एक लंबी फिल्मी पारी खेली है। अपनी फिल्मी पारी में उन्होंने धर्मेंद्र, शशि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा और अमिताभ बच्चन जैसे तमाम बड़े सितारों के साथ काम किया है।

### 13 में से 11 फिल्में रहीं हिट

अपने फिल्मी करियर में राखी ने अमिताभ बच्चन के साथ करीब 13 फिल्मों में काम किया। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि इन 13 फिल्मों में से सिर्फ दो ही फिल्म फ्लॉप रहीं। इसके अलावा 11 फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब जम कर पैसे कूटे हैं।

### प्रेमिका से लेकर मां तक का किरदार

राखी ने अमिताभ बच्चन के साथ हर तरह का रोल निभाया है। वो फिल्मों में अमिताभ बच्चन का लव इंटरेस्ट रहीं तो उनकी मां बनकर भी आईं। फिल्म कभी कभी, बरसात की एक रात, कसमे वादे, बेमिसाल और त्रिशूल जैसी मूवीज में राखी पर्दे पर बिग बी की हीरोइन रहीं। इसके बाद मूवी शान में राखी ने अमिताभ बच्चन की भाभी का दमदार रोल अदा किया। फिल्म शक्ति में राखी बिग बी की मां बनी थीं और दिलीप कुमार की पत्नी।



# 'दो पत्ती' का नया गाना अखियां दे... रिलीज

**मुंबई।** कृति सैनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। 'दो पत्ती' कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। अब निर्माताओं ने 'दो पत्ती' का नया गाना 'अखियां दे कोल' जारी कर दिया है, जिसे शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी है। 'दो पत्ती' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। इस फिल्म में कृति डबल रोल में नजर आएंगी। 'दो पत्ती' के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। 'दिलवाले' (2015) के बाद यह काजोल और कृति के बीच दूसरा सहयोग है। शाहीर शेख भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

# गैंगस्टर बिश्नोई पर बनी रही वेब सीरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम फिर से चर्चा में आ गया। दरअसल, वारदात के अगले दिन बिश्नोई गैंग ने फेसबुक पोस्ट के जरिए हत्या की जिम्मेदारी ली थी। सलमान खान को भी कई बार बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। अब खबर आ रही है कि बिश्नोई की जिंदगी पर एक वेब सीरीज बनने जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नोएडा के निर्माता और व्यवसायी अमित जानी ने बिश्नोई की जिंदगी पर एक वेब सीरीज बनने की घोषणा की है, जिसका नाम 'लॉरेंस-ए गैंगस्टर' रखा गया है। इस सीरीज को अमित के होम बैनर फायर फॉक्स फिल्म प्रोडक्शन के तहत बनाया जा रहा है।






# 'बिन्नी एंड फैमिली' की होगी स्क्रीनिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन की पहली फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' को इस साल 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता पंकज कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। अब न्यूयॉर्क में भारतीय दूतावास में 29 अक्टूबर को 'बिन्नी एंड फैमिली' की खास स्क्रीनिंग होने वाली है। फिल्म की वैश्विक रिलीज नवंबर, 2024 से 5 देशों में शुरू होगी। बता दें कि हाल ही में वरुण धवन और एकता कपूर ने फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। वरुण इसलिए इस इवेंट का हिस्सा थे, क्योंकि अंजिनी उनकी भतीजी हैं। वो 24 साल की हैं। अंजिनी के पिता सिद्धार्थ धवन मां का नाम रीना धवन है। सिद्धार्थ, वरुण धवन के चचेरे भाई हैं।



अंजिनी, दिग्गज एक्टर अनिल धवन की पोती हैं। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले अंजिनी ने अपने चचेरे भाई वरुण धवन की फिल्म 'कुली नंबर 1' के सेट पर असिस्टेंट डायरेक्टर (एडी) के रूप में काम किया था। ये फिल्म 2020 में रिलीज हुई थी। इसमें सारा अली खान लीड रोल में थीं और निर्देशन डेविड धवन ने किया था। इस फिल्म में राजेश कुमार, हिमानी शिवपुरी, चारु शंकर और नमन त्रिपाठी जैसे सितारे भी हैं। इस फिल्म का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है, वहीं एकता कपूर इसकी निर्माता हैं। 'बिन्नी एंड फैमिली' में तीन पीढ़ियों की कहानी दिखाई जाएगी। इस फैमिली ड्रामा को बालाजी मोशन पिक्चर्स ने बनाया है। अंजिनी, श्रीदेवी की बेटी और एक्ट्रेस खुशी कपूर की भी करीबी दोस्त हैं। वो ओरहान, शनाया कपूर और आलिया कश्यप की भी फ्रेंड हैं।



## जैकेट के शेष

### सरगुजा की ऊंची ....

सीएम श्री साय ने स्थानीय स्तर पर टर्मिनल भवन में दीप प्रज्वलित कर हवाई सेवा का उद्घाटन किया। इस दौरान नव निर्मित हवाई पट्टी से फ्लाई बिग कंपनी की 19 सीटर विमान ने शाम 5.40 बजे उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक पल में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक मौजूद रहे। सरगुजावासी वर्षों से हवाई सेवा की शुरूआत का इन्तजार कर रहे थे। हवाई सेवा शुरू करने को लेकर वैसे तो विगत दस वर्षों से प्रयास किया जा रहा था। प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद प्रयासों को गति मिली। एयरपोर्ट निर्माण के लिए केंद्र व राज्य सरकार से मिली राशि के बाद भव्य टर्मिनल भवन, एयर स्ट्रिप बनकर तैयार हुआ और प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत ही मां महामाया एयरपोर्ट को डीजीसीए से लाइसेंस मिल पाया। लाइसेंस मिलने के बाद आज अंततः सरगुजा और अंबिकापुर देश के हवाई सेवा के नक्शे में शामिल हो गया। एयरपोर्ट का के उद्घाटन से सरगुजवासियों में हर्ष का माहौल है। दीपावली से पहले मिली इस सौगात का भागीदार बनने लोगों में उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग दरिमा एयरपोर्ट पहुंचे थे और इस गौरवशाली पल के साक्षी बने। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, संचालक एविएशन संजीव झा, संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर, एसपी समेत आला अधिकारी मौजूद थे।

**सपनों को साकार करने वाली सरकार : तोखन** : केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि 50 साल के बाद अवसर आया है जब पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय द्वारा सरगुजा को एक बड़ी सौगात दी जा रही है। उड़ान के माध्यम से देश और दुनिया में हवाई सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदेश को दस हजार करोड़ से ज्यादा के सड़क की सौगात दी गई। हाल ही में पीएम ने वन्दे भारत की सौगात दी और अब एयरपोर्ट का शुभारंभ हो रहा है। भाजपा की सरकार सबके सपनों को साकार करने वाली है जो कहती है वो करके दिखाती है।

**पीएम का संकल्प हो रहा साकार : अरुण साव** : डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि आज छत्तीसढ़ के इतहास का बड़ा दिन है। मां महामाया एयरपोर्ट से हवाई सेवा की शुरुआत हो रही है। रायपुर, बिलासपुर, जगलदपुर के बाद सरगुजा से हवाई सेवा शुरू हो रही है। यह विकसित, समृद्ध छत्तीसगढ़ को तेज गति से आगे बढ़ाने का ऐतिहासिक अवसर है। हम सब मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जो संकल्प लिया है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करे उस सपने को लगातार साकार होता हुआ हम देख रहे है।

**बनने जा रहा है इतिहास : नेताम** : कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सरगुजा में हवाई सेवा के लिए लम्बे समय से इंतजार हो रहा और हमेशा तारीख बदल जाती थी। इस बार हवाई जहाज उतर गया है। संभाग व प्रदेश के लिए एक नया इतिहास बनने जा रहा है। मजदूर और गरीब तबके के लोगों का हवाई जहाज में बैठने का सपना साकार हो सके। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने सपना के अनुरूप देशभर में हवाई अड्डों के विस्तार के साथ ही अंबिकापुर एयरपोर्ट को शामिल कर उड़ान योजना के तहत हवाई जहाज का परिचालन करने की शुरुआत हो गई है।

**डबल इंजन की सरकार का प्रयास : चिंतामणि** : सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि आज अंबिकापुर में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। सरगुजा व अंबिकापुर के निवासियों के लिए खुशी का दिन है। मां महामाया के नाम से एयरपोर्ट को जाना जाएगा। जल्द ही नियमित वायुसेवा भी शुरू होगी। अंबिकापुर से वायुसेवा की बेहतर सुविधा प्राप्त हो इसके लिए डबल इंजन की सरकार का प्रयासरत है। प्रदेश के उत्तर से दक्षिण तक यह क्रियाशील एयरपोर्ट होगा।

**इन सुविधाओं से लैस** : दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट कुल 365 एकड़ में फैला हुआ है। लभग 80 करोड़ की राशि से एयरपोर्ट पर 1920 मीटर लम्बे एयर स्ट्रिप का निर्माण कराया गया है जिसमें मुख्य रनवे की लम्बाई 1800 मीटर है। बड़े विमान रनवे पर आसानी से उतर सके और उड़ान भर सकें इसके लिए रनवे की मजबूती को बढ़ाकर 25 पीसीएन किया गया है। एयरपोर्ट में 110 मीटर बाई 127 मीटर लम्बे एप्रोन का निर्माण किया गया है जहां एक साथ दो एटीआर 72 विमान आसानी से खड़े हो सकते है। इसके साथ ही विमानों के लिए आइसोलेशन वे, दोनों तरफ आरईएसए एवं 25 बाई 150 मीटर के दो टैक्सी-वे का निर्माण किया गया है। एयरपोर्ट में पैरीमीटर रोड एवं अन्य एप्रोच रोड का डामरीकरण कार्य कराया गया। पूर्ण क्षेत्रफल लगभग 8 किमी की लम्बाई में बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई 1.5 मीटर से बढ़ाकर 3.2 मीटर की गई। सारे आंतरिक मार्गों का डामरीकरण एवं रोड फर्नीचरिंग एवं मार्किंग का कार्य कराया गया। टर्मिनल भवन का उन्नयनीकरण 20 यात्रियों से बढ़कर 72 यात्रियों के अनुरूप किया गया। एटीसी ऑफिस, एमईटी ऑफिस, एसीसीआर रूम, वाच टावर, फायर स्टोर, इलेक्ट्रीकल पैनल रूम अन्य अधोसंरचना के कार्य कराये गये हैं।

**नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा** : मां महामाया एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि यह हवाई सेवा हमारे सरगुजा व हमारे विकास की उड़ान है और यह उड़ान हमें नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। हम के महत्वपूर्ण पल के साक्षी बन रहे है जब अंबिकापुर में मां महामाया के नाम पर स्थापित एयरपोर्ट का लोकार्पण हो रहा है। यह हमारे प्रदेश के विकास और सम्पर्क साधनों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

**प्रस्तावित रूट** : दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट से हवाई सेवा का संचालन उड़ान योजना के तहत फ्लाई बिग कंपनी द्वारा व कमर्शियल विमानों का संचालन अलायंस एयर द्वारा प्रस्तावित है। हालांकि दोनों ही कंपनियों के अनुबंध की औपचारिक प्रक्रिया शेष है। इस बीच बताया जा रहा है कि मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर से उड़ान का प्रस्तावित कार्यक्रम निर्धारित है, जिसके अनुसार प्रस्तावित उड़ान अनुसार अंबिकापुर से बिलासपुर उड़ान सोमवार, शुक्रवार को दिल्ली -जबलपुर-जगदलपुर-बिलासपुर-दिल्ली के लिए उड़ान भरना प्रस्तावित है। इसी प्रकार मंगलवार, गुरुवार को अंबिकापुर-कोलकाता-बिलासपुर-कोलकाता से, मंगलवार, गुरुवार को अंबिकापुर से दिल्ली -प्रयागराज-बिलासपुर-प्रयागराज-दिल्ली के लिए उड़ान भरना प्रस्तावित है। बुधवार को अंबिकापुर से दिल्ली-बिलासपुर-जगदलपुर-जबलपुर-दिल्ली के लिए, शनिवार को अंबिकापुर से दिल्ली-बिलासपुर-जबलपुर-बिलासपुर-दिल्ली के लिए और रविवार को अंबिकापुर से दिल्ली-जगदलपुर-बिलासपुर-जगदलपुर-दिल्ली के लिए मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर से उड़ान भरना प्रस्तावित है

### आठ दशक पुराना ....

और पीएम का यह सपना आज पूरा हो रहा है। हमारी वर्षों पुरानी मांग पूर्ण हुई। इस एयरपोर्ट के बनने से हम लोगों को हवाई यात्रा का अवसर मिलेगा, व्यापार, रोजगार में वृद्धि होगी।

### आकाश से जमीन तक ....

के बाद फोर लेन सड़क पर जशपुर से रांची तक की दूरी सिर्फ दो घंटे में पूरी की जा सकेगी। वहीं सरगुजा में रेल सुविधाओं के विस्तार पर भी भाजपा सरकार में अनेक काम किए जा रहे हैं। सड़क, रेल और हवाई सेवा के विस्तार से ना सिर्फ संभाग के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी बल्कि रोजगार, विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा की संभावनाएं भी प्रबल होंगी। बता दें कि प्रदेश में विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। अभी प्रदेश सरकार के गठन को एक वर्ष का समय भी पूर्ण नहीं हुआ है और करोड़ों रुपए की सौगात छत्तीसगढ़ वासियों को मिल चुकी है। चूंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नाता सरगुजा से है इसलिए सरगुजा संभाग को इसका लाभ मिला है। पांच वर्षों तक उपेक्षित रहे सरगुजा में विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे है। हवाई सेवा की शुरुआत से आदिवासी क्षेत्र के लोगों का आसमान में उड़ने का सपना पूरा होगा तो वहीं सड़क पर भी आवागमन की सुविधा आसान होगी। सरगुजा में एनएच अंबिकापुर से राजधानी को जोड़ने वाली एनएच 130 का निर्माण पूर्ण हो चुका है जबकि जशपुर जिले से होते हुए झारखण्ड को जोड़ने वाली एनएच 43 सड़क अब भारत माता परियोजना में शामिल हो गई है।

भारत माला परियोजना के अंतर्गत पत्थलगांव से छत्तीसगढ़, झारखंड की सीमा शंख तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। पत्थलगांव से गुमला तक 137 किलोमीटर बनाने वाली फोर लेन सड़क को केंद्रीय कैबिनेट से 4473 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। सड़क निर्माण के बाद जशपुर से रांची 150 किमी की दूरी सिर्फ 2 घंटे में पूरी की जा सकेगी। परियोजना के तीसरे चरण में 130 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने के लिए 100 से अधिक गांवों की भूमि अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ने रायपुर से झारखंड सीमा तक फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। शासन ने इस सड़क को भारत माला प्रोजेक्ट में शुरू कराने के लिए मंजूरी दी है। सड़क का निर्माण करने के लिए पत्थलगांव से झारखंड सीमा तक लगभग 130 किलोमीटर क्षेत्र का सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। देश की सबसे बड़ी सड़क परियोजना में यहां फोरलेन सड़क बनने से जशपुर तक आना जाना आसान हो जाएगा। जिले के आर्थिक विकास और व्यापार में वृद्धि होगी।

**नाग लोक में हाईवे का निर्माण** : भारत माला परियोजना के तहत पत्थलगांव से रांची तक होने वाले सड़क निर्माण में जशपुर का तपकरा क्षेत्र भी शामिल है जिसे नाग लोक के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा इस मार्ग के सघन वनों में बड़ी संख्या में जंगली हाथी सहित विभिन्न प्रजाति के वन्य प्राणी बड़ी संख्या में हैं। केंद्र सरकार ने नई परियोजनाओं की योजना बनाते समय पारिस्थितिक संतुलन सहित पर्यावरण संरक्षण और मानव सहित सभी प्राणियों की सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया है। **सांपों के लिए लगेंगे ह्यूम पाइप** : केंद्र सरकार के निर्देश को ध्यान में रखकर उरगा से पत्थलगांव के बीच सड़क निर्माण कार्य की ड्राइंग डिजाइन बड़ी सावधानीपूर्वक बनाई गई है। इस फोरलेन सड़क की जद में आ रहे 30 फीसदी वन क्षेत्र में सांपों की आवाजाही के लिए प्रत्येक 500 मीटर में ग्राउंड लेवल पर ह्यूम पाइप से रास्ता बनाया जाएगा।

### संडे को भी ....

में प्रवेश लेने वालों के पैरों तले जमीन खिसकी है और वे इस संकट से निपटने के लिए दूसरा रास्ता तलाश रहे हैं। शनिवार की तरह रविवार को भी एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वालों के दस्तावेजों की जांच करने कमेटी कॉलेज में दिनभर खाली बैठी रही। सोमवार को छात्रों को उपस्थित होने का अंतिम मौका दिया गया है।

उपस्थित नहीं होने पर विद्यार्थियों का प्रवेश निरस्त माना जाएगा।

**पहले राउंड का एडमिशन मुद्दा** : चर्चा है कि सुप्रीम कोर्ट की जांच के दायरे में आने वाले दूसरे राउंड के एनआरआई कोटे के छात्र प्रथम चरण के एडमिशन को मुद्दा बना रहे हैं। उनका तर्क है कि पहले दौर में भी एडमिशन पुराने नियम के आधार पर हुआ है तो वे कैसे पात्र हो सकते हैं। मामले में प्रभावित छात्रों द्वारा सोमवार को न्यायालय की शरण लिए जाने की चर्चा है।

## पेज एक के शेष

### लोग जानते हैं कि...

भी उन्हें देखना चाहिए। प्रदेश में मोदी की गारंटी को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में हजारों करोड़ के काम होंगे। केंद्र सरकार राज्य को भरपूर मदद करेगी। तब लगेगा कि विकास क्या यह भी दिखेगा।

**▶▶ व्यापारी वर्ग को बड़ा उदार समर्थन भाजपा को मिलता रहा है। इस बार मान रहे हैं कि उन्हें थोड़ा अलग -थलग कर दिया है।**

▶▶ व्यापारी वर्ग हमेशा पार्टी के साथ रहा है। जब भाजपा की सत्ता रहती है तो भय का माहौल नहीं होता। शिकायत के लिए उनके पास कई दरवाजे हैं। वो बता सकते हैं। सबका समर्थन भाजपा को मिलता है।

**▶▶ सुनील सोनी विधानसभा चुनाव के लिए कितने नए हैं। कुछ किए है, किसके नाम से वोट मांगेगे।**

▶▶ शहर का ऐसा कौन सा क्षेत्र है जहां काम नहीं हुआ। माहापौर रहते काम कराया वह कई काम है । शहर को पानी पिलाने का सपना था कि 150 एमएलडी का फिल्टर प्लांट बनाने के लिए राइजिंग पाइप लाइन बिछाई। सांसद बना तो अर्बन कमेटी के अंतर्गत 450 करोड़ की प्रोजेक्ट लाया। शहर बनने के बाद राजधानी के अंतर्गत सिग्नल लाइन लाया। प्राइवेट पार्टनरशिप पर हमने सिटी बस चलाई। लोग बोलते थे पागल आदमी है सिटी बस कहां चलेगी। एक जुनून था हमने काम करके दिखाया। ऐसे दर्जन काम हैं जसे हमने किए। दर्जनों काम है चाहे गार्डन, श्मशान घाट जैसे जरूरी काम हों। आयकर ट्रिब्यूनल लाया। भविष्य में शहर के रेलवे फाटक नहीं मिलेगा जहां पर फ्लाईओव्हर नही होगा। भाटापारा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अस्पताल का काम चालू हो गया है। शहर के सभी सड़कों का चौड़ी करण किया। दो बार महापौर रहा, ईमानदारी से काम किया। अर्बन मिशन के तहत करोड़ों रूप सांसद रहते दिलाया, पर यहां पर लूट मचा दी। मैं भी राजनीति में काम करता हूं, लेकिन कभी बेवजह के आरोप नहीं लगाए।

**▶▶ सुनील सोनी को भी बड़ा आदमी बनने की कोई इच्छा है क्या।**

▶▶ मै पार्टी का अच्छा कार्यकर्ता हूं। बड़ा आदमी, पार्टी ने मुझे बनाया। शहर का प्रथम नागरिक बनाया। मैं कई सारे बड़े पद पर रहा। उन पदों पर रह कर मैने कई काम किया। मैं बड़ा आदमी बहुत बार बना आरडीए में चैयरमैन रहा, महापौर रहा उन पदों पर काम करके पद को बड़ा बनाया। आम नागरिक की तरह हूं, पार्टी का कार्यकर्ता हूं।

**▶▶ विधायक बनकर क्या करेंगे।**

▶▶ अभी विधानसभा चुनाव लड़ रहा हूं। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया है। आपका सुनील सोनी आपको निराश नहीं करेगा। आपकी आपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। ईमानदारी से काम करते हुए सरकार की योजनाएं आप तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। अपने विजन को जनता पर नहीं थोपूंगा।

### जमीन के नाम पर...

छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि डॉ. मनमोहन खंडूजा के खिलाफ जमीन के नाम पर ठगी की शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर छावनी पुलिस की टीम कलकत्ता पश्चिम बंगाल पहुंच गई, जहां थाना भवानीपुर पश्चिम बंगाल से संपर्क करने पर तीन दिनों बाद डॉ. खंडूजा के लैब में टीम उपचार के बहाने से पहुंची। आरोपी डॉ. खंडूजा को पकड़कर पूछताछ करने पर पहले टालमटोल करने लगा। इसके बाद डॉ. खंडूजा ने ठगी करना स्वीकार किया।

### फॉरेस्ट स्पोर्ट्स ...

8 केंद्रशासित प्रदेश, 6 वानिकी संस्थानों व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारियों समेत लगभग 3000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन समरोह में प्रतिभागियों को क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य के कुल 1200 पदक प्रदाय किए गए। इसमें छत्तीसगढ़ 97 गोल्ड के साथ प्रथम स्थान पर रहा। वहीं 33 सिल्वर-कांस्य पदक के साथ कुल 731 प्वाइंट्स लेकर रिकॉर्ड जीत हासिल करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर केरल ने गोल्ड, 37 सिल्वर , ब्रोंज 27, कुल अंक 380 के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर रहे मध्यप्रदेश ने गोल्ड, 26 सिल्वर और 25 कांस्य पदक के साथ कुल अंक 353 प्राप्त किए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और वन मंत्री केदार कश्यप के साथ ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर शामिल हुईं। कार्यक्रम में मनु को अपने बीच पाकर प्रतिभागी बेहद खुश हुए। उनकी एक झलक देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी पहुंचे थे। समारोह में मनु ने कहा कि पहली बार छत्तीसगढ़ आना हुआ है। यहां आकर बेहद खुशी हुई। जहां खेल और खिलाड़ी होते हैं, उन जगहों पर जाने का अलग ही मजा होता है। इस स्पोर्ट्स इवेंट में आपसे मिलकर बहुत खुश हूं। कार्यक्रम से विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और खेल से जुड़े रहने की बात कही।

### हिम्मत न हारें, आगे...

आगे बढ़ते रहें। मुझे छत्तीसगढ़ में खेल का माहौल देखकर बहुत अच्छा लगा। भरोसा है कि आने वाले समय में देश को छत्तीसगढ़ से अच्छे खिलाड़ी मिलेंगे।

### मार्निंग वाक पर ...

पर निकले दो छात्रों को हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया। योगेन्द्र पिता चोवाराम यादव (12), नीरज पिता आसकुमार (12), ग्राम सलोनी रोज की तरह मॉर्निंग वाक पर सुबह 4 बजे निकले थे। करीब 5:30 बजे सिंचाई कालोनी के पास रेत से भरी हाईवा क्रमांक-सीजी 07 सीसी 9021 ने दोनों छात्रों को अपने चपेट में ले लिया। योगेन्द्र यादव की मौके पर मौत हो गई। नीरज ध्रुव को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में लीलर निवासी 17 वर्षीय झम्मन लाल यादव भी घायल हो गया। वह दौड़ने के लिए सलोनी की ओर गया था। दोनों छात्रों को चपेट में लेने के बाद हाईवा ने झम्मन को भी ठोकर मार दी। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला कारोबार संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दास मानिकपुरी ने बताया कि घटना के बाद गांव में आक्रोश पनपने लगा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# निज्जर-पन्नू मामला एक ही साजिश का हिस्सा

*कनाडाई उच्चायुक्त ने उगला भारत के खिलाफ जहर !*

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर

निज्जर और पन्नू मामले में भारत में कनाडा के उच्चायुक्त रहे कैमरन मैके ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कनाडा के सरकारी न्यूज़ चैनल सीबीसी को दिए एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि कनाडा में निज्जर की हत्या और अमेरिका में पन्नू की हत्या की कोशिश एक ही साज़िश का हिस्सा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक़, शुक्रवार को कनाडा के राजनयिकों ने भारत छोड़ दिया है। भारत ने उन्हें देश छोड़ने के लिए शनिवार की आधी रात तक का समय दिया था। बीते अगस्त में भारत छोड़ने वाले कैमरन मैके ने कहा कि अमेरिकी अभियोग, कनाडा और अमेरिका में कई लोगों को मारने के लिए बनाई गई एक ही साज़िश में भारत की भूमिका की'दिलचस्प और विस्तृत' तस्वीर पेश करता है। ऐसा पहली बार हुआ है जब एक कनाडाई राजनयिक ने सार्वजनिक रूप से इन दोनों घटनाओं को एक ही साज़िश का हिस्सा बताया है।




## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगढ़ संभाग

क्रमांक/कार्य.अभि./सामा./3208 — डोंगरगढ़, दिनांक 17.10.2024

:: विद्युत बंद की सूचना ::

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आगामी दीपावली पर्व 2024 को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ संभागीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले 33 एवं 11 के.व्ही. फीडरों का ट्री कटिंग एवं मेंटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लाईन मेंटनेंस का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक है । विद्युत सप्लाई उल्लेखित समय तक बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई-बढ़ाई जा सकती है । असुविधा के लिए खेद है ।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | सबस्टेशन का नाम | प्रभावित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22.10.2024 | मंगलवार | 11 के व्ही. बम्हनी टाऊन | 33/11 के.व्ही. बम्हनी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. बम्हनी टाऊन फीडर से संबंधित समस्त ग्राम । |
| 2 | 22.10.2024 | मंगलवार | 11 के.व्ही. टाटेकसा फीडर | 33/11 के.व्ही. सड़क चिरचारी उपकेन्द्र | ग्राम 11 के.व्ही. टाटेकसा फीडर से संबंधित समस्त ग्राम । |
| 3 | 22.10.2024 | मंगलवार | 11 के.व्ही. शिकारी महका | 33/11 के.व्ही. छुरिया उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. शिकारी महका फीडर से संबंधित समस्त ग्राम। |
| 4 | 22.10.2024 | मंगलवार | 11 के.व्ही. गोलबाजार | 33/11 के.व्ही. अछोली उपकेन्द्र | चमन नगर, नाकापारा, खुटापारा, अटल आवास , कन्याशाला, गुरूदेव रेसीडेन्सी एवं इस फीडर से संबंधित समस्त वार्ड। |
| 5 | 23.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. बम्हनी बेन्दाडी | 33/11 के.व्ही. बम्हनी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. बेन्दाड़ी फीडर से संबंधित समस्त ग्राम । |
| 6 | 23.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. चिचोला फीडर | 33/11 के.व्ही. एल.बी. नगर उपकेन्द्र | ग्राम 11 के.व्ही. चिचोला फीडर से संबंधित समस्त ग्राम । |
| 7 | 23.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. बागरेकसा फीडर | 33/11 के.व्ही. सड़क चिरचारी उपकेन्द्र | ग्राम 11 के.व्ही. बागरेकसार फीडर से संबंधित समस्त ग्राम। |

"बिजली की बचत ही, बिजली का उत्पादन है"

कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टेट.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि. डोंगरगढ़






## कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बलौदाबाजार
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)

क्र./का.अ./ब.बा./सामा./3496 — बलौदाबाजार, दिनांक 15.10.2024

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार सुबह 9.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33 एवं 11 के.व्ही. फीडर का नाम | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 21.10.2024 (सोमवार) | 11 के.व्ही. कोलियारी फीडर | 33/11 के.व्ही. करमदा | संबंधित 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता/ग्राम |
| | | 11 के.व्ही. इन्टरकनेक्टर फीडर | 33/11 के.व्ही. अर्जुनी | |
| | | 11 के.व्ही. ढाबाडीह फीडर | 33/11 रिसदा | |
| | | 11 के.व्ही. गिधपुरी फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गिधपुरी | 11 के.व्ही. गिधपुरी फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. दतान फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रोहांसी | 11 के.व्ही. दतान फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. रोहांसी फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पलारी | 11 के.व्ही. रोहांसी फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. कोहरौद फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धाराशिव | 11 के.व्ही. कोहरौद फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. जे.एन.वी. फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लवन | 11 के.व्ही. जे.एन.वी. फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता |
| 2 | 22.10.2024 (मंगलवार) | 11 के.व्ही. टाउन 2 फीडर | 33/11 के.व्ही. बलौदाबाजार | संबंधित 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता/ग्राम |
| | | 11 के.व्ही. अर्जुनी फीडर | | |
| | | 11 के.व्ही. वटगन फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वटगन | 11 के.व्ही. वटगन फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. मोहगांव फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गिधपुरी | 11 के.व्ही. मोहगांव फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. सण्डी शहर फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सण्डी | 11 के.व्ही. सण्डी शहर फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. दतान फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दतान | 11 के.व्ही. दतान फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| 3 | 23.10.2024 (बुधवार) | 11 के.व्ही. भाटापारा फीडर | 33/11 के.व्ही. अर्जुनी | संबंधित 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता/ग्राम |
| | | 11 के.व्ही. फीडर 1 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अम्बेडकर चौक | |
| | | 11 के.व्ही. पारागांव फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सोनाडीह | |
| | | 11 के.व्ही. अटल ज्योति मिक्सफीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सण्डी | 11 के.व्ही. अटल ज्योति मिक्स फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. गितकेरा फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दतान | 11 के.व्ही. गितकेरा फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |

टीप :- (1) आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। (2) स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत करें। (3) विद्युत बिल का भुगतान समय पर करें।

*दीपावली की शुभकामनाएं*

(रोशन लाल देवांगन)
कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टेट.पॉ.डि.कं.लि. बलौदाबाजार



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
## (छ.रा.विद्युत मण्डल की एक उत्तरदायी कम्पनी)

क्र. का.यं./ का./ सा./ प्रकाशन /3559 — कांकेर दिनांक 16.10.2024

**-: बिजली बंद होने की सूचना :-**

सभी सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, **उपसंभाग चारामा में दीपावली पूर्व मरम्मत कार्य किया जाना है**। अतएव नीचे दिये गई सारणी के अनुसार, अग्रलिखित दिनांक को समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक निर्धारित समयावधि में दर्शाये गये स्थलों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित गांव |
|---|---|---|---|
| 1 | 22.10.2024 | 11 के.व्ही. हल्बा | भानपुरी, मुड़धोवा, टिकरापारा, दुर्गाटोला |
| | | 11 के.व्ही. पुरी | मयाना, खैरवही, पुरी, रामपुर, भोथा, काशीपुर, मैनखैड़ा, मरकाटोला |
| | | 11 के.व्ही. कोचवाही | माहुद, मचान्दूर, कंडेल |
| 2 | 23.10.2024 | 11 के.व्ही. अरौद | टहकापार, अरौद, भैसाकदूटा, किलेपार |
| | | 11 के.व्ही. टॉउन-1 | कोरर चौक, सदर बाजार, तहसील कार्यालय, भाटापारा, बस स्टैण्ड |
| 3 | 24.10.2024 | 11 के.व्ही. हाराडुला | हाराडुला, तुयगहन, |
| | | 11 के.व्ही. पुरी | पदमपुर, किशनपुरी |
| | | 11 के. व्ही. टॉउन - 2 और भिलाई | अस्पताल, मेनरोड़, बंगलापारा, नाकापारा, पेट्रोल पंप, नदी पारा |
| 4 | 25.10.2024 | 11 के.व्ही. जुनवानी | जुनवानी, भिलाई, तेलगुड़ा, तांसी |
| | | 11 के.व्ही. डोड़कावाही | डोड़कावाही, पथ्थरी |
| | | 11 के.व्ही. नरहरपुर | जैसाकर्रा,, सराधु नवागांव, भेजरीटोला |
| 5 | 28.10.2024 | 11 के.व्ही. हल्बा | जेपरा, गीतपहर |
| | | 11 के.व्ही. पुरी | मयाना, खैरवाही, पूरी, रामपुर, भोथा, काशीपुर, मैनखैड़ा, मरकाटोला |
| | | 11 के.व्ही. करिहा | करिहा, पंडरीपानी, भिरौद |

नोट :- आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है । असुविधा के लिए खेद है ।

कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा)
छ.ग. स्टेट पॉ.डि.क. लि. कांकेर


## राशिफल

**मेष** — खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या** — किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु** — भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ** — कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5668

**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -5667 का हल**

## सूडोकु नवताल- 5680

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5679 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## खबर संक्षेप

### पानी टंकी में डूबने से मासूम की मौत

**धमतरी।** पानी टंकी में डूब जाने से डेढ़ साल के मासूम की मौत हो गई। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा के बाजार चौक में यह घटना घटी। डेढ़ साल का युवांश साहू खेलते-खेलते बाड़ी में बनी पानी टंकी में जा पहुंचा। थोड़ी देर बाद परिजन टंकी के पास गये तो उनके होश उड़ गए। बच्चा पानी टंकी में गिर गया था। यह देखते ही घर में चीख पुकार मच गई। तत्काल बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मर्ग, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### स्कूटी की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** मेला देखने जा रहे एक व्यक्ति की एक्सीडेंट से हुई मौत के मामले पुलिस ने जांच की। पुलिस ने बताया कि मृतक हेमचंद चौहान पिता परदेशी चौहान (18 वर्ष) मुडपहार 16 अक्टूबर को अपनी मोटर सायकल सीजी 10 बीडी 9089 में प्रदीप नंद को पीछे बिठा कर मामाभांचा मेला देखने खोकसा जा रहा था। रात करीब नौ बजे भंवरपुर रोड पुटका के पास पहुंचने पर भंवरपुर की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीवी 5521 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हेमचंद चौहान को सिर में गंभीर चोट लगी और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।वहीं पीछे बैठे प्रदीप नंद के बांये पैर में चोट लगी।

### दो पैदल यात्रियों के पिट्ठुओं से 22 लाख नकद बरामद

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने रेहटीखोल अंतरराज्यीय चेक पोस्ट में जांच के दौरान दो लोगों के पास से साढ़े 22 लाख रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि उच्चाधिकारियों के द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख कर कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। जिसके तहत थाना/चौकी प्रभारी व सायबर सेल की टीम को दीगर प्रांतों से आने वाले सभी चेक पोस्ट पर अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी हुई थी। इसी दौरान 20 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति लोहराचट्टी ओडिशा की ओर से पैदल चलकर दो पिठ्ठू बैग रखकर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल की ओर आ रहे है। बैग मे कुछ संदिग्ध सामान रखा। इन लोगों को रोककर पूछताछ किया गया, सही तरीके से जवाब नहीं देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नहीं पे जाने पर पास रखे बैगों का तलाशी ली गई तो एक व्यक्ति के पिठ्ठू बैग से भारतीय करेंसी 15,42,000 रुपए और दूसरे व्यक्ति के पिठ्ठू बैग से 7,10,800 रुपए, कुल 22,52,800 रुपए मिले।

# माईं जी की डोली पहुंची अपने धाम सैकड़ों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा में शामिल होने के बाद माईं जी की डोली व छत्र शनिवार को देर रात अपने धाम पहुंची। नगर के आवराभाटा स्थित पूजा स्थल पर माईं की डोली व छत्र को ससम्मान रखा गया। रविवार की सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा स्थल पहुंचकर नगरवासियों ने माईं की डोली व छत्र की पूजा अर्चना कर अपने परिवार की मंगलकामना की। इसके बाद शाम 4 बजे आवराभाटा स्थित पूजा स्थल से मां दंतेश्वरी मंदिर के लिए रवाना किया गया। वहीं माईं जी की डोली व छत्र को मंदिर तक रवाना होने से पूर्व कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसडीएम जयंत नाहटा तथा पूर्व विधायक देवती कर्मा ने भी पूजा अर्चना किए। पूजा उपरांत फूल मालाओं से सजी माईं जी की डोली व छत्र को जवानों द्वारा सलामी दिए जाने के बाद रवाना की गई। पारंपरिक रीति-रिवाज से माईं की डोली के आगे स्थानीय परिवेश में सजे लोक नृत्य किया जाता रहा। माईं की डोली व छत्र जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई लोगों का हुजुम उमड़ने लगा। उपस्थितजनों ने माईं की डोली व छत्र के आगे नतमस्तक होकर आर्शिवाद लिया। रविवार की शाम माईं जी की डोली व छत्र माता के दरबार पहुंची।

### माईं जी की डोली व छत्र को जवानों ने दी सलामी, कलेक्टर और एसडीएम ने लिया आशीर्वाद



#### 9 दिनों बाद वापसी

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा में शामिल होने माईं की डोली व छत्र दंतेवाड़ा की पावन धरा से जगदलपुर के लिए 11 अक्टूबर की शाम रवाना हुई थी। इस दौरान भी जगह-जगह माईं जी की डोली व छत्र की शहरवासियों ने पूजा अर्चना की थी। बस्तर दशहरा में शामिल होने के बाद 19 अक्टूबर की देर रात पूरे 9 दिनों के बाद माईं जी की डोली व छत्र अपने नगर पहुंची जिसका सुबह तक स्थानीय लोगों ने बेसब्री से इंतजार किया। जैसे ही माईं की डोली व छत्र आवराभाटा के पूजा स्थल पहुंची उपस्थित लोगों ने सुखमय जीवन की कामना को लेकर आशीर्वाद लिया। वहीं जिला प्रशासन व टेम्पल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'विज्ञान में अष्ट लक्ष्मी का स्वरूप' पर सेमिनार

# मुनि सुधाकर बोले- द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव पर ध्यान देना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुनिश्री सुधाकर ने एक सेमिनार जैन आगमों के प्रमाण के साथ बताया कि वास्तु की भूमिका में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव पर भी ध्यान देना अनिवार्य है। हम जैन ज्योतिष और वास्तु के आधार पर स्वस्थ, सुखी और समृद्धि दायक जीवन जी सकते हैं। मुनिश्री सुधाकर ने सरल भाषा में बताया कि वास्तु विद्या का गहन संबंध दसों दिशाओं और पांचों तत्व जल, अग्नि, पृथ्वी, वायु और आकाश के साथ है। आपने वास्तु के विभिन्न बिंदुओं को रेखांकित करते हुए बताया कि हम अपने स्वभाव और व्यवहार से रिश्तों में मधुरता, पवित्रता और सुदृढ़ता भर सकते हैं। उज्जवल भविष्य की राह को उन्नत बना सकते हैं।

यह बातें जैन मुनि ने एक सेमीनार में कही। तेरापंथ महिला मंडल, रायपुर द्वारा आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर व मुनिश्री नरेश कुमार के सान्निध्य में रविवार को वास्तु 'विज्ञान में अष्ट लक्ष्मी का स्वरूप' दिशा भी बदल सकती है, जीवन की दशा और दिशा पर भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के साथ हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी उपस्थित रहे। मुनिश्री ने अनेक अहिंसक एवं आध्यात्मिक प्रयोग बताए, जिनसे भाग्योदय का जागरण हो सके। मुनिश्री ने आगे अष्टलक्ष्मी स्वरूप को विस्तार से समझाते हुए प्रत्येक लक्ष्मी की हमारे जीवन में उपयोगिता व उनकी दिशाओं के बारे में उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शित किया।



#### डॉ. रमन बोले -जैन धर्म वैज्ञानिक धर्म

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में उत्खनन में प्राप्त हो रही पुरातात्विक मूर्तियों के प्रमाण को देखें तो प्रतीत होता है, जैन धर्म छत्तीसगढ़ का प्राचीन धर्म है। उन्होंने कहा कि मुनिश्री की सन्निधि में आज वास्तु के विषय में जो विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई, उसको प्रयोग में लाकर हम अपने जीवन का कल्याण कर अपने वास्तु को सुधार सकते हैं। सेमिनार में स्वागत स्वर अध्यक्षा नेहा जैन, संचालन प्रतिभा पोकरना व आभार मंत्री मधुर बच्छावत ने किया। सेमिनार में नमित जैन, तिलोकचंद बरडिया, अभिलाष कटारिया, राजेश सिंघी, हर्षद सेठ, अशोक पटवा, कीर्ति जैन, अनुराग जैन सहित अनेक गणमान्य जनों की सहभागिता रही।

#### जीवन के वास्तु को साध लें : डॉ. द्विवेदी

डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अगर हम जैन समाज में आत्मा को आत्मा के सहयोग के वास्तु को अपनाते हुए अपने स्वयं के जीवन के वास्तु को साध लें, तो सफलता का अर्जन कर सकते हैं।

# आदिवासी समाज के आक्रोश के बाद कथा वाचक युवराज और तुषार पर रिपोर्ट दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

दशहरा पर्व पर हुई एक विवादित घटना ने गरियाबंद के आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। कथा वाचक युवराज पांडेय द्वारा आदिवासी समाज के देवी-देवताओं के खिलाफ अपमानजनक कृत्य और टिप्पणी करने से जनाक्रोश चरम पर है। शिकायत है कि 14 अक्टूबर की घटना में दशहरा उत्सव के दौरान युवराज पांडेय ने आदिवासी रीति-रिवाजों का उल्लंघन करते हुए देवी का अपमान किया और आदिवासी पुजारी पर डंडे से हमला किया। प्रकरण में पुलिस ने युवराज पांडेय पिता मदन पांडेय और तुषार मिश्रा पिता नरेंद्र मिश्रा के खिलाफ धारा 126 (2), 299, 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक घटना की शुरूआत दशहरा उत्सव के दौरान हुई, जब आदिवासी समाज की एक महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा के तहत देवी का अवतार लेकर सिरहा (पुजारी) उपस्थित हुआ। आरोप है कि युवराज पांडेय ने इस धार्मिक प्रथा का उल्लंघन करते हुए सिरहा को डंडे से मारा और देवी के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया।

#### पुलिस पर भी लगाया आरोप

कांदा डोंगर में आदिवासी समाज की बड़ी बैठक हुई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। बैठक के बाद, सैकड़ों की संख्या में लोग थाने पहुंचे और युवराज के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका मानना है कि पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है, यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए तैयार हैं।

#### सात दिनों की प्रतीक्षा और विरोध प्रदर्शन

बताया जा रहा है कि पूरे मामले में घटना के बाद से ही आदिवासी समाज के लोग थानों के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन रिपोर्ट दर्ज न होने से उनका आक्रोश बढ़ता गया। 20 अक्टूबर को आखिरकार अमलीपदर और देवभोग थानों में युवराज पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। इस बीच, समाज के लोग लगातार धरना और विरोध प्रदर्शन करते रहे। देवभोग थाना परिसर में धरने पर बैठे आदिवासी समाज के लोगों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि पुलिस ने इस गंभीर घटना को इतनी देर तक अनदेखा किया।

#### जांच चल रही है

घटना से आदिवासी समाज के लोग थाना पहुंचे हुए थे, उन्होंने आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर अमलीपदर थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है, और मामले की जांच चल रही है।

**निखिल अशोक राखेचा**
एसपी गरियाबंद

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

युवराज पांडेय के खिलाफ समाज की आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है, और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

**जयसिंह ध्रुवे**
थाना प्रभारी, अमलीपदर

# देवरी में पिकनिक मनाने गए दो युवक हसदेव नदी में डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

पिकनिक स्पाट देवरी में रविवार को एक बड़ी दुर्घटना हो गई। हसदेव नदी मे नहाने के दौरान दो युवक गहरे पानी मे डूब गए। पुलिस एस डी आर एफ की मदद से युवकों की तलाश मे जुटी है।

जांजगीर चाम्पा जिला के पंतोरा चौकी के देवरी में रविवार 20 अक्टूबर को ग्राम कापन से कुछ लोग पिकनिक मनाने गए थे। गांव से दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए 22 साल के लिखेस पटेल और सूखेन्द्र बरेठ दोपहर करीब 2 बजे नदी में नहाने चले गए। कुछ देर बाद दोनों युवक पानी मे नहीं दिखे तो साथ में गए दोस्त ने उनकी तलाश की। युवकों का कोई पता नहीं चलने पर पंतोरा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पंतोरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सूखेन्द्र और लिखेश की खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने एस डी आर एफ को बुलाया। एड डी आर एफ की मदद से भी खोजबीन की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक दोनों युवक का पता नहीं चल सका है।



#### एक दिन पहले था सूखेन्द्र का जन्मदिन

सूखेन्द्र बरेठ का एक दिन पहले ही जन्मदिन था, जिसकी पार्टी मनाने सभी दोस्त देवरी पहुंचे थे। सूखेन्द्र बरेठ के साथ लिखेस पटेल नदी मे नहाने गया और दोनों पानी मे डूब गए। पानी की अधिक गहराई होने के कारण अभी तक दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

# पोते ने किया त्रिशूल से दादी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दादा से विवाद के बाद पोते ने दादी की मंदिर परिसर में त्रिशूल से हत्या कर अपने गर्दन पर त्रिशूल से वार कर लिया है। घटना ग्राम ननकट्ठी क्षेत्र का मामला है। पोते को रायपुर के अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। जहां पोते की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

नंदिनी पुलिस ने बताया कि ननकट्ठी गांव के 35 वर्षीय गुलशन गोस्वामी अपनी 70 वर्षीय दादी रुखमणि गोस्वामी के साथ निवास करता था। गुलशन के माता-पिता रावणभाठा के रायपुर में रहते है। शिवमंदिर के बाजू में ही गुलशन का घर है। गुलशन मंदिर में भगवान शंकर की पूजा करता है। शनिवार की देर शाम गुलशन मंदिर में रखे त्रिशूल से अपनी दादी रुखमणी के सिर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। त्रिशूल लगने से रुखमणि गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई। दादी के शरीर से निकले खून को उठाकर गुलशन ने शिवलिंग का अभिषेक कर परिसर को खून से लेप कर दिया। इसके बाद पोता गुलशन ने शिव यही है शब्द लिख उसी त्रिशूल को अपने ही गले पर मार लिया।



HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

# ओलम्पिक विजेता मनु भाकर पहुंची बारनवापारा अभयारण्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय शूटर एवं पेरिस ओलम्पिक 2024 में दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर रविवार को बारनावापारा अभयरण्य पहुंची। उन्होंने परिवार संग वन भ्रमण और सफारी का लुत्फ उठाया। बारनावापारा अभयारण्य के घने जंगल एवं स्वच्छन्द विचरण करते हुए वन्य जीव उन्हें खूब भाए। उन्होंने अभयारण्य भ्रमण को अब तक की सबसे अच्छी अनुभूति बताते हुए विजिटिंग रजिस्टर दर्ज में किया। अभयारण्य में वनों का संरक्षण, साफ–सफाई, संतुलित परिस्थितिक तंत्र तथा वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त राजू अगसिमनी, डीएफओ बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल, अधीक्षक बार नावापारा अभयारण्य आनंद कुदरया , परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहु, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश बंजारे, गोपाल प्रसाद वर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद उपस्थित थे।

- विजिटिंग रजिस्टर में लिखा- अब तक की सबसे अच्छी अनुभूति

#### वन खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में आईं हैं रायपुर

सुश्री मनु भाकर 27 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में शामिल होने रायपुर पहुंची हैं। रायपुर से रविवार को बारनावापारा अभयारण्य भ्रमण का आनंद लिया। सुश्री भाकर पेरिस ओलम्पिक 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा और 10 मीटर मिक्सड डबल्स में कांस्य पदक जीता है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्लोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के लिए 'ईश्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन' होगा शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया 21 अक्टूबर यानी सोमवार को 'ईश्रम -वन स्टॉप सॉल्यूशन' का शुभारंभ करेंगे। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक स्थान पर हर तरह का समाधान देने की घोषणा की थी।

### आवक बढ़ने से तेल-तिलहन की कीमतों में हुई गिरावट



**नई दिल्ली।** खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के बीच देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम नुकसान के साथ बंद हुए।

### चेक कंपनी के अधिग्रहण के लिए जिंदल की बातचीत

**नई दिल्ली।** अपनी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए घरेलू जिंदल समूह चेक कंपनी विटकोवाइस की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि समूह अपनी इकाई जिंदल स्टील इंटरनेशनल के जरिये इस वित्त वर्ष के अंत तक यह अधिग्रहण पूरा कर सकता है।

### बोरोसिल को 7,000 करोड़ से अधिक राजस्व की उम्मीद

**जयपुर।** कांच के उत्पाद, प्रयोगशाला उपकरण और सोलर ग्लास बनाने वाले कारोबारी समूह बोरोसिल को अगले चार साल में अपना राजस्व दोगुना यानी 7,000 करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है। बोरोसिल के कार्यकारी वाइस चेयरमैन श्रीवर खेरुका ने कहा कि कंपनी के सभी कारोबारी क्षेत्रों में दोहरे अंक की वृद्धि के कारण कुल राजस्व बढ़ेगा।

### पूंजीकरण में आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक आगे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 81,151.31 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 156.61 अंक या 0.19 प्रतिशत नीचे आया।

## शहरी खुदरा विक्रेताओं की आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

# खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती, छह रुपए महंगी हो सकती है सीएनजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है।

भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।

### पुराने क्षेत्रों से उत्पादन पांच फीसदी प्रति वर्ष घट रहा

मामले की जानकारी रखने वाले चार सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है।

### 90 फीसदी मांग पुराने क्षेत्रों से होती थी



*सूत्रों ने बताया कि घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है।*

- ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है
- वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी में वृद्धि संभव
- पुराने क्षेत्रों से उत्पादित कीमतों को सरकार करती है नियंत्रित




### केंद्र सीएनजी पर 14 फीसदी उत्पाद शुल्क वसूलती है

एक विकल्प यह है कि सरकार सीएनजी पर उत्पाद शुल्क में कटौती करे। वर्तमान में, केंद्र सरकार सीएनजी पर 14 प्रतिशत उत्पाद शुल्क वसूलती है, जो 14-15 रुपये प्रति किलोग्राम बैठता है। उन्होंने कहा कि अगर इसमें कटौती की जाती है, तो खुदरा विक्रेताओं को बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालना पड़ेगा।

### दिल्ली व मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजार

सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी एक राजनीतिक मुद्दा भी है क्योंकि महाराष्ट्र में अगले महीने चुनाव होने हैं और दिल्ली में भी जल्द चुनाव होने हैं। दिल्ली और मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजारों में से हैं।


### 4 से 6 रुपए की हो सकती है बढ़ोतरी

सूत्रों ने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी।

### समाधान के लिए मंत्रालय से बातचीत

पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# एआई के एकीकरण से कंपनियों के उत्पादता में आई वृद्धि : रिपोर्ट




- 44 प्रतिशत संगठनों ने एआई एकीकरण से उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बड़ी संख्या में कंपनियों का मानना है कि आज कृत्रिम मेधा (एआई) प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की कुंजी है। एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, इन संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुभव किया है। बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय की 'उद्योग 5.0 और एआई रिपोर्ट' के अनुसार, 44 प्रतिशत संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा 21 प्रतिशत ने बताया कि एआई नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने, नए उत्पादों, सेवाओं और कारोबारी मॉडल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, खासकर वित्त, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और विपणन जैसे क्षेत्रों में ऐसा देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 33 प्रतिशत संगठन उत्पाद विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि 29 प्रतिशत चैटबॉट और रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन (आरपीए) के जरिये ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहे हैं।

करीब 19 प्रतिशत व्यवसाय रुझानों का विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग करते हैं, जबकि 13 प्रतिशत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार के लिए एआई की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट 1,000 पेशेवरों की प्रतिक्रियाओं और 50 उद्योग विशेषज्ञों के साथ गहन बातचीत पर आधारित है।

# सरकारी बैंकों में सीजीएम के पद बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बढ़ते कारोबार व लाभप्रदता को देखते हुए विचार किया जा रहा
- वित्त मंत्रालय ने कहा, बैंकों ने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बढ़ते कारोबार और लाभप्रदता को देखते हुए उनमें मुख्य महाप्रबंधकों के पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

मौजूदा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, पीएसबी में चार महाप्रबंधकों के लिए एक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि ये दिशानिर्देश 2019 में जारी किए गए थे और तब से कोविड-19 महामारी के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पीएसबी के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इससे उन्होंने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। वित्तीय सेवा विभाग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वृद्धि के अगले स्तर को प्राप्त करने के लिए सीजीएम पदों की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिशा-निर्देशों में ढील देने का फैसला गहन जांच और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की जरूरत पर विचार करने के बाद लिया जाएगा।

सीजीएम पद 2019 में 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों के चार बड़े बैंकों में विलय के बाद बनाया गया था। कार्यकारी निदेशक के बीच एक प्रशासनिक और कार्यात्मक संपर्क के रूप में कार्य करते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय सेवा विभाग से यह भी अनुरोध किया है कि निदेशक मंडल को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार पदोंकी संख्या तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए। एक राष्ट्रीयकृत बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा, "जीएम/ डीजीएम/ एजीएम का मौजूदा अनुपात 1:3:9 है, जो 2016 की स्थिति पर आधारित है, और बेहतर कार्यात्मक नियंत्रण के लिए इसकी समीक्षा की जानी चाहिए।" उन्होंने कहा कि इससे वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति में सुधार करने में मदद मिलेगी। सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में लगभग चार लाख अधिकारी कार्यरत हैं।

## कोटक महिंद्रा, स्टैंडर्ड चार्टर्ड का ऋण कारोबार खरीदेगा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने विदेशी स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के 4,100 करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण पोर्टफोलियो को खरीदने की घोषणा की। हालांकि बैंक ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया। एक बयान के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक इस सौदे के तहत विदेशी ऋणदाता के ''मानक अग्रिम'' के रूप में वर्गीकृत व्यक्तिगत ऋणों को खरीदेगा। यह सौदा तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

कोटक महिंद्रा बैंक ने इसे ''उच्च-गुणवत्ता वाले कर्जों का बहीखाता'' बताते हुए कहा कि यह सौदा बड़ा पैमाना हासिल करने और ग्राहक-केंद्रित वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने की उसकी रणनीति के अनुरूप है और इससे खुदरा परिसंपत्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह सौदा स्टैंडर्ड चार्टर्ड के प्रतिद्वंद्वी सिटी बैंक द्वारा अपना समूचा खुदरा कारोबार कोटक के बड़े प्रतिद्वंद्वी एक्सिस बैंक को बेचने के लगभग दो साल बाद हुआ है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के छत्तीसगढ़ में 21 बैंकिंग आउटलेट



**रायपुर।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लांच के साथ, बैंक राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना जारी रखे हुए है, जिससे स्थानीय समुदायों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक अधिक पहुंच सुनिश्चित होती है।

इस अवसर पर बोलते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, 'हमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए खुशी हो रही है, जो व्यापार और संस्कृति के लिए एक उभरता हुआ केंद्र है। शंकर नगर में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट समुदाय को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने, वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में काम करेगा। यह हमारी पहुँच का विस्तार करने और स्थानीय विकास का समर्थन करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।'

# इस सप्ताह शेयर बाजार में रह सकता है उतार-चढ़ाव

- कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे होंगे जारी
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।



विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। उनका रुख वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और घरेलू राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का तिमाही नतीजा शनिवार को आया था।

*आईटीसी, यूनिलीवर आदि के आएगे परिणाम : मिश्रा ने बताया कि इसके बाद आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान बजाज हाउसिंग फाइनेंस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, वन97 कम्युनिकेशंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बैंक ऑफ बड़ौदा के भी तिमाही नतीजे आएंगे।*

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मैकेनिक/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- होंडा शो रूम में काम करने हेतु 5 मैकेनिक, 3 सुपरवाइजर, 3 कंप्यूटर में कार्य करने हेतु युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतन योग्यतानुसार संपर्क - अग्रवाल होंडा साई मंदिर चौक तिल्दा नेवरा 08962000104. (RO-59833)

**घरेलु/कुक कार्य**

आवश्यकता है- घरेलु कार्य हेतु बाई चाहिए, खाना बना लेने वाली को प्राथमिकता, अच्छा वेतन (सहमती से तय) दिया जाएगा। तुरन्त सम्पर्क करें - टाटीबंध रायपुर मो. 9425518442 (केवल 8-9 सुबह- शाम) (RO-5974)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**कुक**

आवश्यकता है- कुक चाहिए नया रायपुर सेक्टर 27 में 60 लोगों का खाना बनाने हेतु अनुभवी कुक चाहिए मों.- 9826136230. (RO-5980)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1646)

आवश्यकता है- कपड़ों के नये शोरूम के लिए सेल्समैन व सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है।4 वर्षों से अधिक अनुभवी को 15000/-+ सेलरी। स्थान -नारायणपुर district - Narayanpur (Baster) मो.- 9303929235. (RO-2438)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक / युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, संपर्क करें - धरमपुरा जगदलपुर, (छ.ग.) मो. 9644490606, 9303375986 (आरो-5984)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 25वर्ष के अविवाहित लड़के चाहिए जो सिटी से बाहर रहकर काम करे सैलरी 9000+ कमिशन + बोनस रहना फ्री सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 8817252877. (RO-27823)

**वेटर**

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें। होटल विनार बार एन्ड रेस्टॉरेन्ट-गली नं. 1 जयस्तभ चौक मों. - 9713577672. (RO-5978)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- ऑफिस में कम्प्यूटर कार्य के लिए युवक/ युवतियों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- मो.-95840-23555, 86022-32233 पता- शॉप नं.- 38 महिला समृद्धि बाजार पदमनाभपुर दुर्ग (छ.ग.) (आरो न.-606)

**अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- सिविल एंड इन्फ्रा प्रोजेक्ट में कार्यरत फर्म को भिलाई में कार्य हेतु अनुभवी एकाऊंटेंट की। न्यूनतम 5वर्ष का अनुभव एवं कामर्स ग्रेजुएट एवं टेली का अनुभव जरूरी। वेतन योग्यतानुसार, पी.एफ. एवं ESI की सुविधा। संपर्क:- 77228-28505, 97550-42205 (आरो-608)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- डागा पेट्रोल पम्प, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर, 8109135400. (RO-941)

**सुपरवाइजर/ ड्रायवर**

SUPERVISOR/ ENGINEER/DRIVER JOB VACANCY
Required at Bhilai Steel Plant/ NSPCL area Bhilai under Contracts Works for Construction Company.
Supervisor - 10 Post Diploma/BE (CIVIL)
Driver - 5 Post (JCB/Tripper/Pickup)
Contacts : TABS ASSOCIATES Cell : 7587095237

**ड्रायवर/रिशेप्सनिस्ट**

आवश्यकता है- चार पहिया वाहन हेतु 15वर्ष अनुभवी कार ड्राइवर, अंग्रेजी माध्यम cbse 7वी कक्षा छात्रा पढ़ाने हेतु महिला होम ट्यूटर, पिरदा स्थित प्रिंटिग प्रेस हेतु सुपरवाइजर रिशेप्सनिस्ट MS Office, Excel, PPT के अनुभवी की आवश्यकता है। बॉयोडाटा सहित संपर्क करें: - 8889335559, 8982878459 (आरो-327)

**असिस्टेंट/अकाउन्टेंट**

Requirment- A law consulting firm seeks with Minimum 3 years' experience: Law Assistant (Bilaspur): Bar-registered, legal drafting and pleading skills, Interest in Commercial and Contractual matters. Accountants/office staff (Raipur): commerce graduates, proficient in accounting software, and having Strong Communication Skill. Send your resumes to 9981991643 or vivechnaconsultingllp@gmail.com Interview Date- 25 & 26 October 2024, Timing - 12.00 PM (RO-5982)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7326057709, 9040788128.(RO-3774)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9102935834. (RO-507)

आवश्यकता है- (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 (RO-1333)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

हरिभूमि

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। संपर्क करें- 9755607666.(RO-5979)

**मकान**

मकान बेचना है- चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट एवं रायपुरा 750 वर्गफुट मे 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया बेचना है संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070.(RO-3052)

मकान बेचना है- न्यू चांगोरा भाटा रायपुर में 2BHK स्वतंत्र मकान बेचना है प्लॉट एरिया 1340 स्क्वायर फीट बिल्डअप एरिया 1100 स्क्वायर फीट संपर्क करें- 9981165195.(RO-5976)

**जमीन**

जमीन बेचना है- मनगटा झूराडबरी में 5 dis. जमीन बेचना है छोटा फार्महाउस (रिसॉर्ट) हेतु उपलब्ध 38×60 फिट तुरंत बेचना है संपर्क:- मो.- 9329152721 (आरो न.-607)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# चेप्टेगी ने जीती वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



लंबी दूरी के महान धावक युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जीत ली जो ट्रैक से रिटायर होने के बाद उनका पहला खिताब है। पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा विश्व चैंपियन और ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगी ने 59 मिनट 46 सेकंड का समय लिया।

भारत में 2014 में बेंगलुरु में टीसीएस हाफ मैराथन के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करने वाले चेप्टेगी उस समय दूसरे स्थान पर रहे थे। कीनिया के एलेक्स मटाटा (59.53) दूसरे और किपकोरिर (59.59) तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने खिताब अपने नाम किया। इयायु ने एक घंटे 8 मिनट और 17 सेकंड का समय लिया। इथियोपिया की सिंथिया लिमो (1:08.27) दूसरे और टिरूये मेसफिन (1:09.42) तीसरे स्थान पर रही। सावन बरवाल ने (एक घंटा, दो मिनट और 46 सेकंड) और लिली दास (एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकंड) ने क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला वर्ग के शीर्ष खिताब जीते।

# न्यूजीलैंड की बेटियों ने रचा इतिहास, बनीं टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन

एजेंसी ▸▸| दुबई




न्यूजीलैंड ने महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराकर पहली बार इस खिताब को अपने नाम किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' अमेलिया केर ने बल्ले से सबसे ज्यादा 43 रन बनाने के बाद तीन विकेट चटका कर मैच पर न्यूजीलैंड का दबदबा कायम किया। उन्होंने ब्रूक हैलिडे (38) के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 57 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 158 रन बनाने के बाद पिछली बार की उपविजेता टीम दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक कर चैंपियन बनने के उसके सपने को पूरा नहीं होने दिया। न्यूजीलैंड के लिए केर के अलावा रोजमेरी मेयर ने भी तीन विकेट चटकाए। ईडन कार्सन, फ्रैन जोनस और हैलिडे को एक-एक सफलता मिली।

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट, रचिन बने मैच के हीरो

**सीरीज का दूसरा मैच पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा**

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिए 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरुआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती।

विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। टीम इंडिया दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाए थे। सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।



## डब्लूटीसी तालिका में शीर्ष पर भारत

*दुबई। न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत का प्रतिशत गिरकर 68 .06 हो गया है और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तालिका में आस्ट्रेलिया 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड इस जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड टीम नवंबर और दिसंबर में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी और शीर्ष दो में पहुंच सकती है।*

## भारतीय टीम के हार के पांच कारण

### 1 टॉस के दौरान गलत फैसला

रोहित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बेंगलुरु में टॉस से पहले दो दिन जमकर बारिश हुई थी और पिच कवर्स के नीचे थी। ऐसे में पिच पर नमी थी। इसका फायदा कीवी तेज गेंदबाजों ने उठाया। गेंद खूब स्विंग हुई और भारतीय बल्लेबाज ढेर हो गए।

### 2 तीन स्पिनर्स को खिलाने का फैसला

भारतीय टीम इस मैच में तीन स्पिनर्स को लेकर उतरी, जबकि कीवी टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। भारतीय टीम मैनेजमेंट और कप्तान के इस फैसले ने सभी को हैरान किया। इस टेस्ट में 32 विकेट गिरे, जिसमें से तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए। टीम इंडिया से यहां भी रणनीतिक चूक हुई।

### 3 आकाश दीप को मौका नहीं देना

बुमराह और सिराज भारत के लीड पेसर हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय में विपक्षी टीम को झटके देने की बात आती है तो आकाश दीप ने पिछले कुछ समय में अच्छी गेंदबाजी की है। वह गेंद को स्विंग कराते हैं और बेंगलुरु के ओवरकास्ट कंडीशन में आकाश घातक साबित हो सकते थे।

### 4 राहुल लगातार हो रहे फ्लॉप

साल 2021 के बाद से केएल राहुल का फॉर्म टेस्ट में कुछ खास नहीं रहा है। साल 2022 से लेकर अब तक उन्होंने 12 टेस्ट की 21 पारियों में 25.70 की औसत से 514 रन बनाए हैं। बेंगलुरु टेस्ट में राहुल ने पहली पारी में खाता भी नहीं खोला था, जबकि दूसरी पारी में वह 12 रन बनाकर आउट हुए।

### 5 सिराज का विकेट नहीं निकाल पाना

भारत के लिए सिराज का अहम मौकों पर विकेट नहीं निकाल पाने की कमजोरी ने परेशानी खड़ी कर दी है। इस साल वह भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने आठ मैच की 16 पारियों में 19 विकेट निकाले हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 47.7 का रहा है।


HONDA

Happy Festivals
इस त्यौहार घर लाएं खुशियाँ अपार होंडा टू व्हीलर के साथ

Shine 100

5% कैशबैक ₹5000# तक
न्यूनतम डाउन पेमेंट ₹1100*
Special offer 10 Years Warranty^ Valid till 31st Oct. '24



₹1100^ शगुन ऑफर
₹65100 एक्स-शोरूम कीमत छत्तीसगढ़

वीडियो का आनंद लेने के लिये, कृपया QR Code को स्कैन करें।
अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें
IDFC FIRST Bank Bank*/Credit Card# | HDFC BANK Credit Card# | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans* | Chola Enter a better life* | SHRIRAM Finance*

BOOK ONLINE NOW! www.honda2wheelersindia.com CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers
डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

#Cashback Offer available on all Honda two-wheeler models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards & IDFC First Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of Rs. 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Cashback offer valid until 30th November 2024. #The scheme is available in select outlets only. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th November 2024. ^3 years of standard and 7 years of free extended warranty only on Shine 100. ^This scheme is offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers. ^Offer valid until 31st October 2024. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment. CBR [Click, Book, Relax] facility available at selected Dealerships only.

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy

